**जबलपुर**

**सोमवार, 15 जुलाई 2024**

- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-10
- वर्ष : 19, अंक : 76
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

**मौसम**

अधि. 32
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**पीएम नरेंद्र मोदी के नाम नया रिकॉर्ड**

## एक्स पर पार किया 100 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया की दुनिया में नया कीर्तिमान रच दिया है। वह एक्स हैंडल



पर 100 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले लीडर बन गए हैं। एक्स पर विभिन्न भारतीय राजनेताओं की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी फॉलोअर्स के मामले में सबसे आगे हैं।

## 11 सदस्यीय टीम की मौजूदगी में खोला गया खजाना, सांप पकड़ने वाले रहे मौजूद

# 46 साल बाद खोला गया जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार भारी मात्रा में मौजूद हैं सोने के आभूषण और हीरे-मोती

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया।



### खजाने से भरी 6 संदूकें मिलीं, वजन इतना कि 8-10 उठा पाए

### रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा हुए बेहोश

**अभी नहीं बनेगी मूल्यवान वस्तुओं की सूची**

मंदिर में प्रवेश करने से पहले पाधी ने कहा कि रत्न भंडार पुनः खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कि रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लकड़ी के संदूकों में बंद कर अस्थायी सुरक्षित कमरे में रखा जाएगा।



**भंडार में कितना खजाना**

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में दिए हलफनामे के अनुसार, रत्न भंडार में तीन कक्ष हैं। 25 गुणा 40 वर्ग फुट के आंतरिक कक्ष में 50 किलो 600 ग्राम सोना और 134 किलो 50 ग्राम चांदी है। इनका कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। बाहरी कक्ष में 95 किलो 320 ग्राम सोना और 19 किलो 480 ग्राम चांदी है। इन्हें त्योहार पर निकाला जाता है।

**1 बजकर 28 मिनट पर खोला गया रत्न भंडार**

जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट पर शुभ घड़ी पर खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि रत्न भंडार को खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा 'गजपति महाराजा' के एक प्रतिनिधि शामिल थे।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

**राहुल गांधी के दोस्त बने लोकसभा में डिप्टी लीडर**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस पार्टी ने सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष की कुर्सी देकर एक बड़ा



दांव चला है और अब राहुल के दोस्त और असम से आने वाले सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया है। इसके अलावा केरल से आने वाले के. सुरेश को लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप भी नियुक्त कर दिया है।

**सीबीएसई10वीं,12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा आज से**

**नई दिल्ली।** इस साल सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जो स्टूडेंट्स एक या दो सब्जेक्ट में



फेल हुए थे वह सोमवार से शुरू हो रहे सप्लीमेंट्री एग्जाम में बैठ सकते हैं। सप्लीमेंट्री एग्जाम को ही कंपार्टमेंटल एग्जाम भी कहा जाता है। 10वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा सोमवार से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेंगी।

**ट्रक-ट्रेलर की टक्कर एक चालक जिंदा जला**

**जबलपुर।** बरेला थानान्तर्गत बायपास स्थित रितेश ढाबा के सामने रातको ट्रक व ट्रेलर के



बीच भिड़ंत हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में एक वाहन चालक जिंदा जल गया। दमकल विभाग ने सूचना मिलने पर घटनास्थल में पहुंचकर आग पर काबू प्राप्त किया। घटना में ट्रेलर से नहीं उतर पाने के कारण चालक की जलने से मौत हो गई।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह इंदौर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान में हुए शामिल

# 11 लाख पौध-रोपण की अभूतपूर्व उपलब्धि से इंदौर पूरे विश्व में मिसाल बनेगा: शाह

*24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक वृक्ष लगाने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश शासन के नाम बना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा मोदी का आह्वान एक नारा बन जाएगा, ये किसी ने भी नहीं सोचा था। इंदौर देशभर में स्वाद, स्वच्छता, सुशासन, सहयोग और सहभागिता के लिए जाना जाता है। अब इंदौर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण के नाम से भी जाना जाएगा। ये दुनिया में मिसाल बनेगा।

उन्होंने कहा पौध-रोपण करना सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। पौध-रोपण करने वाले सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि उनकी ओर से लगाएं गए पौधों का अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक मां की तरह आपकी चिंता करेगा। उन्होंने कहा कि 51 लाख पौधे लगाना और एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाना अपने आप में अभूतपूर्व हैं।

### शाह ने कहा-आज से इंदौर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण के नाम से भी जाना जाएगा, एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का सटीक जवाब





**इंदौर एक पेड़ मां के नाम अभियान देश भर में जाना जाएगा**

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी मां और धरती मां दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। इंदौर मे 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। शाह ने विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अभिनेता रणदीप हुड्डा ने चलचित्र के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर को चिरंजीवी बनाने का काम किया है।

***पीछे मुड़कर आने वाली पीढ़ी को देखें:*** *केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि पीछे मुड़कर आने वाली पीढ़ी को देखें। पर्यावरण संरक्षण आज पूरी दुनिया के लिए चिंता बना हुआ है। कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड ने ओजोन के स्तर को कम करने का काम किया हैं, जिससे पृथ्वी पर गर्मी बढ़ने लगी है और जलवायु परिवर्तन को अनुभव किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री के चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के प्रति सटीक जवाब हैं।*

**55 कॉलेजों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ**

*भोपाल। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने प्रदेश में एक साथ 55 कॉलेजों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को संपूर्ण विश्व में हर क्षेत्र में अव्वल रखने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए शिक्षा की नींव मजबूत होना जरूरी है। यही कारण है कि 2020 में नई शिक्षा नीति का आगाज किया गया। इसमें क्वांटिटी नहीं क्वालिटी, ऑर्थोडॉक्स के बदले आउट ऑफ़ बॉक्स को सार मानते हुए नीति निर्माण किया गया। शाह ने कहा कि यह गर्व का विषय कि मप्र में इस नीति को देश में सबसे पहले लागू किया। यह भविष्य के 25 सालों में देश के विद्यार्थियों को विश्व के विद्यार्थियों से स्पर्धा योग्य बनाएगी। यह गर्व करने की बात है कि मप्र ने इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा को अपनी मातृ भाषा में पठन पाठन का अवसर मुहैया कराया है।*

**पहले नड्डा ने कहा था हमें संघ की जरूरत नहीं**




## अब संघ ने कहा-हम लोकमत 'परिष्कार' का काम करते हैं

एजेंसी ▶▶ रांची

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। कई महीने बीतने के बाद संघ ने इस मुद्दे पर अब प्रतिक्रिया दी है। नड्डा के इस बयान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा है कि संघ लोकमत परिष्कार का काम करता है। सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता है। वो कार्य इस बार भी संघ ने किया है। रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक की बैठक में 12 से 14 तारीख तक पूरे देश से संघ के अखिल भारतीय प्रचारक पहुंचे थे। यहां संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। रविवार को बैठक समापन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने लोकसभा चुनाव पर कहा कि जनता ने अपना फैसला दिया है सब को उसको सम्मान करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सीट 240 पर अटक गई इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सुनील आंबेकर ने कहा कि उन्हें लगता है कि लोकतंत्र में जनता सबसे ऊपर होती है।

**स्वयंसेवक भी आपातकाल में जेल गए थे**

*सुनील आंबेकर ने कहा आपातकाल जो था ,जो 1975 में लगाया गया, वह निश्चित रूप से गलत था और लोकतंत्र में उन्हें लगता है कि हम लोग एक स्वाधीनता की, स्वतंत्रता की बात करते हैं, तो ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए। संघ ने समय पर इमरजेंसी के बारे में अपना विरोध भी दर्शाया है और संघ ने संघर्ष भी किया था। कई कार्यकर्ता जेल में गए थे। बहुत सारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ी। बहुत सारा संघर्ष हुआ और पुनः देश में लोकतंत्र की स्थापना हुई। कुछ लोग हैं, जो दो प्रकार की बातें करते हैं। कुछ लोग बहुत कट्टर हैं और जो कट्टरवादी ताकत हमारे देश में भी है दुनिया भर में है। उनके विचार बहुत ही विपरीत हैं, वह पूरी मानवता के खिलाफ हैं और दूसरे वो लोग हैं कि जो देश में ओछी राजनीति करते हैं। मुझे लगता है हमारा देश आगे बढ़ रहा है, बहुत प्रगति की राह पर जा रहा है ।*


**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेवा हमला**

## ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकली गोली, बाल बाल बचे

एजेंसी ▶▶ न्यूजर्सी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंसिल वेनिया में रैली के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे, तभी तड़ातड़ गोलियां चलने लगीं। एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छूकर निकली।

ट्रंप के कान से खून छलछला उठा, तभी सिक्योरिटी गाड्र्स आए और उन्होंने ट्रंप को चारों तरफ से घेरकर घटनास्थल से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



**पीएम मोदी ने जताई चिंता**

ट्रंप पर हुए हमले को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं मेरे मित्र, पूर्व ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं, मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

**मप्र में झमाझम बारिश का दौर जारी**

## 16 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया तेज आंधी व बिजली गिरने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में झमाझम बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों के लिए 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी चलने का भी अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जोरदार बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में लगातार बारिश



देखी जा रही है। बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट इन तमाम जिलों में भारी बारिश के चलते कई नदियां उफान पर हैं। वहीं विंध्य क्षेत्र में भी लगातार बारिश होने से रेड अलर्ट भी जारी किया गया था।

### पति से तंग आकर महिला उठाया कदम मंदसौर की घटना


## महिला ने बच्चों सहित कुए में कूदी, चारों बच्चों ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के ग्राम पीपलखेड़ी में पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कुए में कूद गई। इस घटना में चारों बच्चों की मौत हो गई, वहीं महिला को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया।

बताया जा रहा है कि महिला का पति उससे रोज लड़ाई झगड़ा करता था, जिसके चलते महिला ने यह कदम उठाया है। घटना सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गरोठ के शासकीय अस्पताल





भिजवाया। जानकारी के मुताबिक मंदसौर जिले के गरोठ तहसील के ग्राम पीपलखेड़ा निवासी सुगना बाई पति रोडू सिंह बंजारा (40) ने रोज-रोज के झगड़ों से परेशान होकर रविवार सुबह करीब 6 बजे गांव में बने कुएं में अपने चार बच्चों के साथ कूद गई। इस हादसे में चारों बच्चों बंटी (9), अनुष्का (7), मुस्कान (4) तथा कार्तिक (2) की मौत हो गई। वहीं महिला सुगना बाई को ग्रामीणों द्वारा जिंदा बचा लिया गया। महिला सुगना बाई ने बताया कि मेरा पति रोडू सिंह आए।

**कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय शिवपुराण कथा शुरू**

### कुबेरेश्वर धाम पर 21 को होगी गुरू दीक्षा

## पहले दिन ही एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे कथा का श्रवण करने

### जैसे जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी : पंडित मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार से सात दिवसीय शिव महापुराण शुरू हो गई। कथा के पहले दिन ईसा और गौर की झांकी सजाई गई थी और उसके बाद आरती आदि



का आयोजन किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं।

**हाथरस जैसी घटना से निपटने प्रशासन अलर्ट मोड पर**

*आयोजन को लेकर देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। हाथरस की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। 1000 हजार से अधिक सेवादार श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं, करीब 25 एकड़ में वाहनों के लिए पार्किंग बनाई है। वाटर प्रूफ पंडाल में दो लाख श्रद्धालु एक साथ बैठने की सुविधा है। 500 से अधिक जवानों के जिम्मे पार्किंग, यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिका, जनपद, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी भी तैनात हैं।*

**बालाघाट में ढाई साल की मासूम हुई किडनैप, पुलिस ने मासूम को किया बरामद**

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ने में पाई सफलता

## संतान सुख के लिए मासूम को किया था अगवा, भाजपा नेत्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका गिरफ्तार

### ये आरोपी बच्ची के अपहरण से पहले उसके पिता से बच्ची को पालने की मंशा जता चुके थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले में संतान सुख के लिए कुछ महिलाओं ने ढाई साल की मासूम को किडनैप कर



लिया। इस अपहरण मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष और पूर्व पार्षद सारिका बिसेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



**संतान का सुख देने के लिए की प्लानिंग**

पूछताछ में पुलिस को पता चला कि किसी महिला को संतान सुख देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने मिलकर बच्ची को महिला तक पहुंचाया था।

**ऐसे खुल गया मामला**

*बच्ची के अपहरण से पूर्व यह सभी बच्ची के दत्तक पिता से बच्ची को पालने की मंशा से लेने पहुंचे थे। लेकिन पिता ने मना कर दिया था। जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से बच्ची का अपहरण किया गया। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने जब संदेही के आधार पर सहायिका से पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि भरवेली में ढाई साल की मासूम के अपहरण मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।*

योगिता कावड़े और भरवेली आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका उषा कठौते शामिल है। बताया गया है कि 11 जुलाई को मॉयल नगरी भरवेली के वार्ड क्रमांक 01 मंगल झोपड़ा से एक ढाई साल की मासूम बालिका गुम हो गई थी। जिसकी दत्तक पिता वीरू कठौते ने काफी तलाश की। 2 दिनों तक तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। जिसके बाद गत 13 जुलाई की शाम पिता वीरू कठौते ने इसकी सूचना भरवेली पुलिस को दी।

8 राज्यों में मौसम विभाग का रेड ऑरेंज अलर्ट

# पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक झमाझम शुरू, पर असम में आफत

## उमस से राहत मिली, लेकिन मुंबई और केरल में परेशानी भी बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया है। पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के सभी क्षेत्रों में झमाझम बरसात हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों के साथ ही उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शनिवार को बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में पानी भरने से दुश्वारियों का सामना भी करना पड़ा। मुंबई और सुदूर दक्षिण के राज्य केरल में बारिश कहर बरपा रही है। मौसम विभाग ने रविवार को 8 राज्यों में भारी बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत सभी राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों में 5 दिन तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की संभावना है।



**हिमाचल में 12 सड़कें बंद, 17 तक राहत की संभावना नहीं**

हिमाचल प्रदेश में बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हुआ और 12 सड़कों को बंद करना पड़ा। धर्मशाला, कांगड़ा, मनाली और शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में शुक्रवार की शाम से ही रुक-रुककर मूसलाधार बारिश होती रही। 16-17 जुलाई को राज्य के कई भागों में आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मुंबई में भारी बारिश

भारी बारिश के चलते मुंबई के अंधेरी पूर्व इलाके में शनिवार को चाल का एक हिस्सा गिर गया। घर के अंदर 12 लोग सोए हुए थे, लेकिन जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और सभी लोग सुरक्षित बच गए। चाल का निर्माण 1960 में हुआ था। मुंबई में बीते 24 घंटे में 61.69 एमएम वर्षा हुई है।

### इन राज्यों में 17 तक मूसलाधार



आईएमडी ने 5 दिन के दौरान उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से तेज बारिश व बिजली गिरने की चेतावनी दी है। हिमाचल, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर छिटपुट वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम राजस्थान में भी बारिश की संभावना है। 16 जुलाई तक कोंकण और गोवा के साथ ही महाराष्ट्र के कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विहार, झारखंड में वर्षा होगी।

### असम में बाढ़ से 7 और लोगों की मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 20 जिलों में 8.4 लाख लोग पीड़ित हैं। पहले 30 जिलों में 24 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में थे। राज्य में बाढ़ जनित घटनाओं में 7 और लोगों की जान चली गई है। इनमें से 5लोगों की मौत गोलपाड़ा जिले में उफनती नदी में नाव पलटने से हुई। राज्य में अब तक 90 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ प्रभावित जिलों में 316 राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में 2.95 लाख से अधिक लोग शरण ले रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ के चलते 180 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है, जिनमें 10 गैंडे भी शामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व कई राज्यों में होगी भारी वर्षा

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 24 घंटे के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, अरुणाचल, उप- हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी वर्षा हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़, गुजरात क्षेत्र, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के गंगा किनारे वाले क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई।केरल के तीन जिलों कोझीकोड़, कन्नूर और कासरगोड़ में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### बिहार में दो गाड़ियों की टक्कर में 6 की मौत



**किशनगंज**। यहां एक सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। घटना जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र की है, जहां राष्ट्रीय उच्च पथ 327 ई पर पेटभरी चौक के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और डंपर में टक्कर हो गया। इस घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे में 4 महिलाओं के साथ-साथ एक मासूम और स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गई। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है।

### अनंत की शादी के कार्ड पर मथुरा में विवाद



**मुंबई**। अनंत अंबानी की शादी के कार्ड को लेकर मथुरा में खींचतान शुरू हो गई है। गिरिराज मंदिर के सेवायत दीपचंद पुरोहित का आरोप है कि अनंत का कार्ड लेकर दानघाटी मंदिर आए व्यक्ति ने यहां कार्ड नहीं दिया। केवल ठाकुरजी के चरण स्पर्श कराए। फोटो खिंचवाया और कार्ड वापस ले गए। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इसकी शिकायत मंदिर कमेटी से की है। साथ ही अन्य ने भी आपत्ति उठाई है।

### आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मृत



**चेन्नई**। तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या मामले में नया पहलू सामने आया है। हत्या में शामिल एक आरोपी शनिवार शाम चेन्नई में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। तिरुवेंगदम को आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। उसने बरामद बंदूक से पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। इसके बाद बचाव में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना का दावा

## 'गद्दारों' की पहचान कर ली, अब ऐसी सजा देंगे कोई हिम्मत न करे

### महाराष्ट्र एमलएलसी चुनाव में क्रॉस वोटिंग





एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने 11 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के गद्दारों की पहचान कर ली गई है और उन्हें दंडित किया जाएगा। पटोले ने दावा किया कि इन्हीं 'गद्दारों' ने दो साल पहले परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी। पटोले ने यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें दंडित किया जाएगा ताकि कोई फिर से पार्टी को धोखा देने की हिम्मत न कर सके। पटोले ने किसी का नाम लिए बिना यहां पत्रकारों से कहा कि इस बार एक जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्हें सजा दी जाएगी।

### कांग्रेस ने क्रास वोटिंग मानी दंडित किया जाएगा : राउत

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि क्रॉस वोटिंग हुई थी और वे उसी के अनुसार कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया कि 'केंद्र सरकार आपातकाल लागू होने को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने जा रही है। क्या अयोग्यता का सामना कर रहे विधायकों द्वारा एमएलसी का चुनाव करवाना असंवैधानिक नहीं है? क्या विधायकों को रिश्वत देकर खरीदना असंवैधानिक नहीं है? भाजपा संविधान की असली हत्यारी है।

### 11 सीटों पर हुए थे चुनाव

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली पार्टियों के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' ने शुक्रवार को विधान परिषद की 11 सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक चुनावों में सभी 9 सीटों पर जीत हासिल की थी।

4 उपचुनावों में 2 लाख से अधिक हिंदुओं को वोटिंग नहीं करने दी

# बंगाल में मर गया लोकतंत्र, लोस चुनाव में 50 लाख हिंदुओं को वोट देने से रोका

- बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु का राज्य की ममता सरकार पर बड़ा आरोप
- सुवेंदु अधिकारी ने एक जन आंदोलन भी शुरू किया, साथ ही प्रदर्शन भी किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की 4 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। इसके पहले लोकसभा चुनाव में भी टीएमसी ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। सुवेंदु अधिकारि ने कहा, 'बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने आज एक जन आंदोलन शुरू किया है। लोकसभा चुनाव में लगभग 50 लाख हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। राज्य में हुए 4 उपचुनावों में 2 लाख से अधिक हिंदुओं को वोट नहीं देने दिया गया। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जगह-जगह हुई हिंसा के विरोध में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को राजभवन के बाहर धरना दिया। इस दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर तमाम आरोप लगाए।



### राजभवन के बाहर दिया धरना 300 कार्यकर्ता रहे मौजूद

प्रदर्शन में अधिकारी समेत तापस रॉय, रुद्रनील घोष और अन्य ने भगवा पार्टी के 300 कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुवेंदु अधिकारी ने उच्च न्यायालय में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया था। उन्होंने अदालत से निवेदन किया था कि हिंसा के विरोध में राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी जाए। अधिकारी ने यह भी कहा था कि उसी जगह पर धरना देने की अनुमति दी जाए जहां, तृणमूल कांग्रेस ने अक्तूबर 2023 में प्रदर्शन किया था।

### लोगों के लिए पोर्टल भी शुरू किया

सुवेंदु ने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है। हमने एक जन आंदोलन शुरू किया है। हम एक पोर्टल शुरू कर रहे हैं। जिनको वोट नहीं डालने दिया गया वे लोग पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। उनकी पूरी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्ह8ोंने जोर देकर कहा कि मैं कानूनी लड़ाई भी जल्द शुरू करूंगा।

### कलकत्ता हाई कोर्ट का किया था रुख



कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा को 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से चार घंटे के लिए राजभवन के बाहर धरना देने की अनुमति दी थी। अधिकारी ने राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मांगते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया था। सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने पिछले साल पांच अक्टूबर को इसी स्थान पर इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया था।

### धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण हो: हाईकोर्ट

इस पर हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने भाजपा नेता को 14 जुलाई को चार घंटे के लिए धरना देने की अनुमति दी थी। अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि धरना प्रदर्शन में 300 से अधिक लोगों को शामिल न किया जाए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति हथियार के साथ नहीं पहुंचेगा। साथ ही ऐसा कोई भाषण नहीं दिया जाएगा, जिसे सुनकर लोगों में आक्रोश पैदा हो।

संसद का बजट सत्र

## संसद में इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल पेश होने की चर्चा, बदलेंगे नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इससे बैंकिंग सेक्टर की तरह इंश्योरेंस कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग सेक्टर को यूनिवर्सल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। लाइसेंस के प्रावधान से लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को जनरल इंश्योरेंस पॉलिसीज को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी।

मणिपुर में फिर हिंसा

## सीआरपीएफ और पुलिस काफिले पर हमला,1 जवान शहीद और 3 घायल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक मामला सामने आया है। मणिपुर के जीरीबाम में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने 14 जुलाई को सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की



संयुक्त टीम पर हमला किया। यह अटैक बदमाशों ने सीआरपीएफ जवानों पर घात लगाकर किया। इस हमले में एक सीआरपीएफ जवान शहीद भी हो गया है। बदमाशों ने यह हमला सीआरपीएफ जवानों पर रविवार सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर किया। 20 बटालियन सीआरपीएफ और जीरीबाम की जिला पुलिस की संयुक्त टीम एक साथ ऑपरेशन में जुटी हुई थी। इसी दौरान संयुक्त टीम पर घात लगाकर बदमाशों ने अटैक कर दिया, साथ ही यह सूचना भी दी जा रही है कि हमले के चलते करीब तीन जवान घायल भी हो गए हैं।

अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला, राज्य इकाइयों को मजबूती देंगे

दिसंबर में मिलेगा भाजपा को नया अध्यक्ष

## अगले महीने से प्रक्रिया होगी चालू, पहले राज्य और केंद्रीय परिषद का होगा चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो गया है। हालांकि, उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा का लक्ष्य इस साल दिसंबर तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करना है।

### चुनावी कार्यक्रम 1 अगस्त से होंगे शुरू

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला और राज्य इकाइयों को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का सत्यापन किया जाएगा।*

### 1 दिसंबर से शुरू होगी आधिकारिक प्रक्रिया

मंडल और जिला अध्यक्ष चुनाव के बाद राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। इन चुनावों के बाद ही प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। 1 दिसंबर से ही 50 फीसदी राज्यों में चुनाव पूरे होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होगी।

भाजपा की उत्तर प्रदेश की कार्य समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पास

# सरकार ने जाति और मजहब से ऊपर उठकर काम किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लखनऊ

यहां राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय सभागार में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में न पड़ें।

योगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास का चुनाव परिणाम पर रहा असर

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में जो भी परिणाम आए हैं उसे लेकर कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की जरूरत नहीं है। 2024 में भी सभी कार्यकर्ताओं के प्रयास से उतना मत प्रतिशत पाने में भाजपा सफल रही। लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और इस अति आत्मविश्वास में हम तो जीत रहे हैं, कहीं न कहीं खामियाजा भुगताना पड़ता है।

**मुहर्रम में सड़कें खाली हो जाया करती थीं:** योगी ने कहा कि याद कीजिए मुहर्रम के समय में सड़कें खाली हो जाया करती थीं। आज मुहर्रम आयोजित हो रहा है इसका पता भी नहीं लग रहा। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे›आज कहा जाता है किसी गरीब की झोपड़ी नहीं हटेगी।




**यूपी को माफिया से मुक्त किया** योगी ने कहा आप सबके सहयोग से हमने यूपी को माफिया से मुक्त किया है। यूपी में आज सुरक्षा का माहौल है। अब कोई मनमानी नहीं चलती है।

**जाति- मजहब से ऊपर उठकर किया काम:** योगी ने कहा कि हमने जाति और मजहब के नाम पर कभी कोई भेदभाव नहीं किया। सभी लाभ ले रहे।

### कांग्रेस का 13 राज्यों में खाता नहीं खुला: नड्डा

अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमें जनता ने फिर से समर्थन दिया है ताकि हम विकसित भारत बना सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा भविष्य की पार्टी है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ चल रही है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस बहुत उत्साह में है लेकिन याद रखे कि 13 राज्यों में उनका खाता नहीं खुला।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में 5 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। इस अवधि में पांच फीसदी का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई के बाद जून में भी निर्यात के आंकड़े सकारात्मक रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्विस सेक्टर में इजाफा हुआ है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के बीच भारत का निर्यात सकारात्मक रहा। इसमें सर्विस सेक्टर एक्सपोर्ट में अधिक वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि मई के बाद भी जून का आंकड़ा बेहद अच्छा है।

# सरसावा: कारगिल रजत जयंती उत्सव में वायु योद्धाओं ने दिखाया पराक्रम

**देश के लिए बलिदान देने वाले वायु योद्धाओं को नमन किया**

वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है। जिन वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायुसेना के ऑपरेशन, 16000 फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने की भारतीय वायुसेना की सैन्य क्षमता का प्रमाण हैं। कुल मिलाकर, भारतीय वायुसेना ने कारगिल युद्ध में लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही/ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायुसेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं।

**कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन**

रक्षा मंत्रालय के अनुसार कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, भारतीय वायुसेना 12 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक वायुसेना स्टेशन सरसावा में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' का आयोजन कर रही है, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाएगा। 13 जुलाई 24 को, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायुसेना अधिकारियों के साथ स्टेशन युद्ध स्मारक पर राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की।



**लड़ाकू विमानों ने हवाई प्रदर्शन किया**

इस दौरान एक शानदार एयर शो का आयोजन किया गया जिसमें आकाश गंगा टीम द्वारा प्रदर्शन और जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई प्रदर्शन शामिल थे। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 द्वारा "मिसिंग मैन फॉर्मेशन" ने उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों जैसे एमआई-17 वी5, चीता, चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायुसेना बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।


**कार्यक्रम को 5 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा**

इस कार्यक्रम को 5000 से अधिक दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे, सहारनपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी, भूतपूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक और रुड़की, देहरादून और अंबाला के रक्षा बलों के कार्मिक गण शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कारगिल युद्ध में वायुसेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 28 मई 1999 को, 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### नेपाल: बस हादसे में 5 शव बरामद, तलाशी जारी

**काठमांडू।** नेपाल में हुए बस हादसे में अब तक पांच शव बरामद हुए हैं। बरामद शवों में से एक शव



भारतीय नागरिक का है। ये लोग हादसे के बाद से ही लापता थे। अभी बस में सवार अन्य लोगों का पता नहीं चल सका है और उनकी तलाश में नेपाल सुरक्षा बल के 500 से ज्यादा जवान लगे हुए हैं। बीते हफ्ते नेपाल के चितवन जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसें त्रिशूली नदी में गिर गईं थी। दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। रविवार को बचाव टीम ने गैंदाकोट-7 इलाके से पांचवें शव को बरामद किया।

### कुपवाड़ा: देर रात भड़की आग,7 घर जलकर राख

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के हंदवाड़ा में देर रात आग लगने से सात घर और छह



गौशालाएं जल कर राख हो गईं। आग की चपेट में आने से कई मवेशी भी जल गए। यह घटना हंदवाड़ा के शतीगाम राजवार इलाके में हुई। यहां रात करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। आग ने सात रिहायशी घरों और छह गौशालाओं को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक दर्जन से अधिक मवेशियों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, आग अचानक लगी और तेजी से पूरे इलाके में फैल गई।

### फर्जी निकाह मामला: अभी जेल में ही रहेंगे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व



प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना के नए मामले में एनएबी ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी कर दिया था। जिसके बाद कोर्ट ने दंपति की तत्काल रिहाई का आदेश दिया था। जिसके कारण पिछले साल अगस्त के बाद से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान सलाखों के पीछे हैं।

## बाइडेन, ओबामा, कमला हैरिस ने की हमले की निंदा

# अमेरिका में अब तक हुए 45 हमलों में चार राष्ट्रपति गंवा चुके हैं अपनी जान



अमेरिका के इतिहास में अमेरिकी राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर 15 हमले हुए हैं। जिनमें से पूर्व में 4 की मौत भी हुई है। राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत 45 नेताओं में से 13 की हत्या का प्रयास किया गया।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। जिसमें उन्हें निशाना बनाकर गोलियां चलाई गई। हालांकि ट्रम्प पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले हमलावर को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मार गिराया। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे हुई। तब अमेरिका में शनिवार शाम 6:30 बजे का समय था। पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई।

इस दौरान ट्रम्प ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा और नीचे झुक गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ट्रम्प को संभाला। ट्रम्प के चेहरे और कान पर खून नजर आया। हमले में ट्रम्प ने अपने दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। शूटर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया। सुरक्षाकर्मी ट्रम्प को मंच से उतार कर वहां से ले गए। घटना के बाद अफरातफरी के बीच ट्रम्प को कड़े सुरक्षा घेरे में ले जाया गया। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडेन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

### ट्रंप पर हुए हमले की बाइडेन-ओबामा ने निंदा की

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप की रैली में हुई गोलीबारी की घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हमें इसकी निंदा करने के लिए एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इस घटना की निंदा की है।



### हमला लोकतंत्र के लिए खतरा, बढ़ सकती है राजनीतिक हिंसा



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की वैश्विक स्तर पर हर ओर आलोचना हो रही है। अमेरिकी मीडिया में भी हमले की निंदा की जा रही है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमला अमेरिका के लिए एक भयानक क्षण की तरह है। इसमें यह भी कहा जा रहा है कि इस हमले ने राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक हिंसा के खतरे को फिर से पैदा कर दिया है।

### *अमेरिका में राष्ट्रपतियों पर हुए हमलों ने बढ़ाई चिंता, सुरक्षा पर उठ रहे सवाल*

*अमेरिका के इतिहास में अमेरिकी राष्ट्रपतियों, निर्वाचित राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर 15 हमले हुए हैं। इन हमलों को लेकर अमेरिका में चिंता जताई जाने लगी है। सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।*

### वे अमेरिकी राष्ट्रपति जो हमलों में मारे गए

अमेरिका के इतिहास में चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों अब्राहम लिंकन, जेम्स ए. गारफील्ड, विलियम मैककिनले और जॉन एफ. कैनेडी की हत्या हो चुकी है।

- **जॉन एफ कैनेडी:** अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की नवंबर 1963 में गोली मारकर हत्या की गई थी। हार्वे ओसवाल्ड नाम का शूटर हमला किया जिसे वहीं गोलीबारी में मार गिराया गया था।
- **विलियम मैककिनले:** विलियम मैककिनले जो कि अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति थे। 6 सितंबर 1901 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। लियोन एफ. कोल्गोज नाम के एक शख्स ने राष्ट्रपति की हत्या की थी। हमलावर को हमले एक महीने 26 दिन बाद यानी 29 अक्टूबर 1901 को बिजली की कुर्सी पर मौत की सजा दी गई।
- **जेम्स गारफील्ड:** जेम्स गारफील्ड के 20वें राष्ट्रपति थे। 2 जुलाई 1881 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। चार्ल्स गुइटो नाम के एक शख्स ने उन्हें गोली मारी थी। गारफील्ड की मौत के लगभग 11 महीन बाद हमालवर गुइटो को जून 1882 में फांसी दी गई थी।
- **अब्राहम लिंकन:** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 14 अप्रैल 1865 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ।

## 300 से अधिक घायल



# दक्षिणी गाजा में इजरायल का बड़ा घातक हमला 90 की मौत



एजेंसी ▶▶ इजराइल

इजराइल ने कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया। हालांकि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं।

हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसका सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ उस क्षेत्र में था, जहां इजराइली हमला हुआ। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि 'यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है' कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हज़ारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था।

उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में 90 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**मंत्री गोयल दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे**

# गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए इटली की यात्रा पर कल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 से 17 जुलाई, 2024 को जी7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने के लिए इटली के रेजियो कैलाब्रिया की यात्रा करेंगे।

अपने इस दौरे के दौरान, पीयूष गोयल आउटरीच सत्र में जी-7 देशों और अन्य हिस्सा लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे, जो वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत द्वारा पेश किए जाने वाले अपार व्यापार और निवेश अवसरों को प्रदर्शित करने के रणनीतिक



प्रयासों को रेखांकित करती है, जो एक मजबूत कानून के शासन वाले लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में इसकी स्थिति पर जोर देती है।

मंत्रालय के अनुसार इटली की अपनी यात्रा से पहले, पीयूष गोयल रविवार (आज) और सोमवार को अपने स्विस समकक्षों के साथ व्यापार और आधिकारिक बैठकों के लिए स्विट्जरलैंड में होंगे। चर्चा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के कार्यान्वयन और ईएफटीए द्वारा की गई 100 अरब अमरीकी डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के लिए रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित होगी।

उद्देश्य भारत और स्विट्जरलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापक भागीदारी को और मजबूत करना, गहरे आर्थिक संबंधों और पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना है। रेजियो कैलाब्रिया में जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में, केन्द्रीय मंत्री वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन के लिए भारत के विजन को स्पष्ट करेंगे, जिसमें व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण सुधारों और पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा।

## मछुआरे की तलाश में जुटे आईसीजी के जवान



**मछुआरों के लिए बचाव अभियान शुरू..**

*नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल तट पर एक मछुआरे के लापता होने के बाद भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के जवान खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं।*

## रॉकेट के गलत कक्षा में जाने से बनी स्थिति

# फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं

स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रसार को लेकर निजी कंपनियों में होड़ सी लगी है। इसके चलते अंतरिक्ष में रॉकेट की संख्या में बढोतरी हुई है। इस बीच, निजी कंपनी स्पेसएक्स को करारा झटका लगा है। मस्क की कंपनी ने जानकारी दी है कि गुरुवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया से फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। कंपनी ने कहा है कि दरअसल, रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आ गई। उस दौरान रॉकेट के दूसरे चरण का इंजन ठीक से काम नहीं कर पाया। उस दौरान इंजन से तरल ऑक्सीजन का रिसाव देखा गया।

*रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आई*



### टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया

रॉकेट पृथ्वी की बहुत नीचे कक्षा में स्थापित हो गए। कंपनी ने यह भी बताया कि कक्षा के सबसे निचले बिंदु से रॉकेट को ऊपर उठाने के लिए उनकी टीम द्वारा कोशिशें की गईं, लेकिन वे उस बिंदु पर आ चुके थे जहां से उन्हें ऊपर ले जाना संभव नहीं था। स्पेसएक्स ने कहा कि उसकी टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया और उनके आयन थ्रस्टर्स का उपयोग करके कक्षा बढ़ाने की कोशिशें की। लेकिन वे पृथ्वी से केवल 135 किमी ऊपर ही थे। हालांकि स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। एलन मस्क ने भी स्पेसएक्स द्वारा किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम आयन थ्रस्टर्स को वार्प 9 के समकक्ष चलाने के लिए सैटेलाइट सॉफ्टवेयर को अपडेट कर रहे हैं। यह शायद काम नहीं करेगा, लेकिन हम कोशिशें कर रहे हैं।

**सेना ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, ऑपरेशन जारी**

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर सेना ने रविवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान भारतीय सेना ने 3 आतंकवादियों को मार गिराया घुसपैठियों के एक समूह को सेना ने रोकने की कोशिश की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे तीन आतंकियों को मार गिराया जिनके शव बरामद किए जा रहे हैं। ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। इससे पहले गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सेना ने आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। संदिग्ध आतंकवादियों का एक समूह रात के वक्त भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था लेकिन नाकाम होने के बाद उसे उल्टे पांव भागना पड़ा।



## चिंतन

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-भाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई दे रहे हैं। आपदा एक अचानक, विपत्ति पूर्ण घटना है, जो जीवन और संपत्ति को भारी क्षति, हानि, विनाश और तबाही में बदलती है। आपदाओं से होने वाला नुकसान सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी समस्यायों से निपटने में हम अभी भी अक्षम हैं। केंद्रीय हुकूमत को गंभीरता इस मसले पर मंथन करना होगा। ताकि, भविष्य में ऐसे समस्याओं से सफल मुकाबला किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. एल. एस. यादव

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनोमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिषील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।


रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृष्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना?



संकलित

**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर ले जाएगा। थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*- राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

**-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

**-राघव चड्ढा, आप सांसद**

## करंट अफेयर


### चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति



अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं-या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है। आप दशकों तक एक-संतान नीति पर अमल करने वाले देश में 25 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगारी देख रहे हैं। यह बहुत ही खराब आंकड़ा है।' कृष्णमूर्ति ने कहा, 'इससे खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ गया है? साथ ही लोगों की कुल संपत्ति में काफी गिरावट आई है। ऐसे में शी चिनफिंग देश को गंभीर आर्थिक संकट में घिरा पा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि चिनफिंग के पास दो विकल्प हैं, 'या तो वह वर्तमान रुख पर कायम रहें जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है।

## ऑफ बीट

### जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर



काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक - अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत - नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं - और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐक्रेलिक को प्राकृतिक नाखून से जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नेल गोंद आमतौर पर अल्कोहल, साइनोएक्रिलेट और फोटो-बॉन्ड मेथैक्रिलेट का मिश्रण होता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड सहित अन्य तत्व होते हैं, जो एक ज्ञात कैंसर कारक है। नाखून चिपकने वाले पदार्थों में मौजूद रसायन त्वचा में जलन और सूजन का कारण बन सकते हैं। नेल ग्लू के जलने की भी व्यापक रूप से सूचना मिलती है। कुछ मामलों में, कपड़ों पर गिरा हुआ नेल गोंद जलने से त्वचा को भी जला देता है, जिसमें बाद में संक्रमण हो सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## शिया समाज ने निकाला दर्दनाक मातमी जुलूस

# शह सवार-ए-कर्बला की शह सवारी को सलाम

जबलपुर।

मुहर्रम की 7 तारीख सफर की रात में नगर एवं उपनगर के इमामबाड़ो मे सुबह से ही चहल पहल बनी रही। शहर की मुस्लिम बस्तियों मे लंगर, छबील, का एहतेमाम जगह जगह किया गया। मदन महल दरगाह मे सवारियों के सलामी पेश करने के लिए प्रमुख जुलूस पथ छोटी बजरिया से मदन महल दरगाह तक नूरानी नौजवान लंगर कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैनी एकता कमेटी, हैदरे लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी , कर्बला लंगर कमेटी, गौसे आजम लंगर कमेटी द्वारा जायरीनों के लंगर, छबील का एहतेमाम किया गया। कमेटियों द्वारा अकर्षक विधुत साज सज्जा भी की गई।

### हैदरे लंगर कमेटी

हैदरे लंगर कमेटी मुजावर मुहल्ला कादरी नगर द्वारा 31 देग मटर पनीर पुलाव का एहतेमाम किया गया। लंगर की शुरुआत मे कमेटी के नौजवानों द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में इलाजरत मरीजों एवं उनके मरीजों को लंगर तकसीम किया गया। इसी प्रकार जमायते कादरी के वारिश कादरी, रोशन कादरी, जवाहर कादरी, अफ़ज़ल कादरी, अशफ़ाक कादरी, अरशद कादरी द्वारा हिन्दु मुस्लिम मुजावरो को दूध के प्याले पेश किये गये और पुलिस प्रशासन, हिन्दु, मुस्लिम गणमान्य नागरिक एवं प्रेस मीडिया के लोगों का



स्वागत किया गया। जगत गुरू शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक पर रात्रि 11 बजे से विशाल लंगर ए आम एहतेमाम किया गया जिसमे हजारों की तादाद मे अक़ीदतमंदो ने शिरकत की। सिटी कोतवाली मे भी जायरीनों के लिए हाजी शेख ज़मील निय़ाजी, हाजी शेख मुबीन निय़ाजी द्वारा लंगर छबील का एहतेमाम किया गया जिसमें हजारों जायरीनों ने शिरकत की।

### उमड़ा जनसैलाब

रात्रि 8 बजे से ही गढ़ा के जुलूस पथ पर अक़ीदतमंदो का आना शुरु हो गया। जो देखते देखते भारी जनसैलाब मे तब्दील हो गया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इमामबाड़ो से सवारियों का उठना शुरु हो गया । बैंड बाजों के साथ निकली सवारियों मे बड़े मुजवारों के साथ मासूम बच्चों पर भी हाल की आमद हुई। अक़ीदतमंदो ने बाबा साहब लोगों से अपनी मुरादें बताई बाबा साहब ने मुरादें पूरी होने की दुआ दी। बैदरा मुहल्ला मे रखी जाने वाली दशकों पुरानी सवारी देर रात्रि मे सूफ़ी निजाम बाबा की कयादत मे निकली और मदन महल दरगाह मे सलामी पेश की। मदन महल पहाड़ी या अली, या हुसैन के नारों से गूंजती रही।

### शिया समुदाय

मुहर्रम की 7 तारीख को घंटाघर स्तिथ बाबा बाबा जाफरी के इमामबाड़े मे मौलाना सैय्यद सादिक अब्बास साहब ने जाकरी बयान की। मौलाना साहब ने अपनी तक़रीर मे कहा की इमाम हुसैन का बलिदान बातिल पर हक की जीत की पहचान है। इमाम हुसैन ने अपने 72 जानिसारों के साथ शहादत पेश कर इस दुनिया को दिखा दिया के हक पर रहने वालों की तादाद नहीं ज़ज्बा देखा जाता है। हमें हजरत इमाम हुसैन के बताये रास्तो पर और सब्र के साथ अपनी ]जिंदगी गुजारानी चाइये। मजलिस उपरांत शिया समुदाय का दर्दनाक मातमी जुलूस निकला। जिसमे शिया नवयुवक शुजाअत अली, रानू रिज़वी, फ़ैजान नकवी, मूर्तुजा नकवी, नोहे पढ़ रहे थे। जुलूस मे शामिल नौजवानों ने दर्दनाक मातम किया। मासूम बच्चें भी मातम करते हुए या हुसैन का नारा बुलंद कर रहे थे। जिन्हें देखकर जुलूस पथ में खड़े जायरीन व नागरिकों की आँखे आशुओं से नम हो गई। ओमती चौक, गुरंदी, गलगला होते हुए जुलूस का शिया इमामबाड़े मे समापन हुआ।



# बारात स्वागत के दौरान डेढ लाख रूपये पार

**पीठ में टंगे बैग की चेन खोल कर हुई वारदात**

**जबलपुर।** लार्डगंज थाने की यादव कालोनी अंतर्गत प्रज्ञा मंडपम में शनिवार की रात बारात के द्वारचार के समय स्वागत के दौरान दो अज्ञात लड़कों ने बारात का स्वागत कर रहे, वृद्ध की पीठ में टंगे बैग से डेढ लाख रुपये नगद पार कर दिये। इस घटना की लिखित शिकायत लार्डगंज थाने में की गई है, साथ ही घटना की वीडियो फुटेज और फोटोग्रॉफ भी पुलिस को दिये गये हैं। हालांकि पुलिस ने अभी चोरी का मामला दर्ज नहीं किया है, पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। समदड़िया ग्रीन सिटी निवासी 60 वर्षीय आनंद जैन ने थाने में लिखित शिकायत दी है कि जिसमें कहा गया है कि 13 जुलाई की रात प्रज्ञा मंडपम यादव कालोनी में गेट के सामने बारात लग रही थी। इसी समय द्वारचार की रस्म के दौरान वे बारातियों को श्रीफल भेंट करके स्वागत कर रहे थे। तभी उनकी पीठ में टंगे बैग से चैन खोलकर दो अज्ञात लड़कों ने 5-5 सौ रुपये की तीन गड्डियां पार कर दीं। जो डेढ लाख रुपये थे। एक लड़का जो क्रीम कलर की शर्ट पहने था, वहीं दूसरा युवक बाउंसर जैसे दिख रहे थे और फौजी कटिंग किये हुये था। इन्हीं दोनों ने उनके बैग से 1.5 लाख रुपये पार किये। जिसकी वीडियो फुटेज भी है। जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि चोरी उन्होंने ही की है। शिकायत कर्ता ने कहा कि आरोपियों के सामने आने पर वे उन्हें पहचान लेगा। इस संबंध में लार्डगंज पुलिस का कहना है कि थाने में लिखित शिकायत की गई है। मामले की जांच की जा रही है फोटो और फुटेज अधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नई शिक्षा नीति आत्म निर्भर बनने के क्षेत्र में होगी सहयोगीः राकेश सिंह

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का हुआ लोकार्पण

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंट विधायक अशोक रोहाणी ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कलेक्टर दीपक सक्सेना के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. श्रीमती संतोष जाटव, जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव और संस्था प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी सहित महाविद्यालयीन परिवार की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर के प्रागंण में आयोजित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में किया गया।

मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में महाकौशल महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि का दिन एक विशेष दिन है। उन्होंने इसी कॉलेज में पढ़ाई की है। कॉलेज से जुड़ी अपनी यादों को साझा करते हुए सिंह ने कहा कि शासकीय विज्ञान महाविद्यालय और महाकौशल आर्ट्स कॉलेज पहले रॉबर्टसन कॉलेज का हिस्सा था। व्यक्ति जिस संस्थान में अध्ययन करता है, वह संस्थान न तो उसकी स्मृति से कभी विस्मृत होता है और न ही उस संस्थान के प्रति उसकी श्रद्धा और सम्मान कभी कम होता है। लोक निर्माण मंत्री ने महाकौशल कॉलेज का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस



के रूप में चयन करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को भी बधाई दी और उम्मीद व्यक्त की कि आने वाले दिनों में यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनायेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि विद्या एवं ज्ञान सिर्फ व्यक्ति की ही नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज की सफलता का आधार होता है। इसलिए ज्ञान का व्यवहारिक एवं भारतीय परंपरा के अनुरूप होना आवश्यक है। भारत ने सम्पूर्ण विश्व को ज्ञान दिया है। नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय में दुनिया भर के लाखों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते थे। कालांतर में हुई कुछ घटनाओं के कारण निर्मित हुए वातावरण से ऐसा लगा जैसे भारत से ज्ञान दुनिया में नहीं अपितु दुनिया से ज्ञान भारत में आया है। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्तमान समय की आवश्यकता है। यह विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं रोजगार-स्वरोजगार तथा आत्म निर्भर बनने के क्षेत्र में सहयोगी होगी। विधायक रोहाणी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आधुनिकता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यह महाविद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट स्वागत किया गया एवं प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण में महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को रेखाकिंत करते हुये भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव ने पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन होने पर महाविद्यालय को शुभकामनायें प्रदान की।

### विद्यावन में अतिथियों ने किया पौधारोपण

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यावन में एक पौधा मॉ के नाम लगाया, जिसका संकल्प विद्यार्थी पूर्ण करेंगे। मंत्री सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस सेवा का शुभारंभ किया जो विद्यार्थियों के लिये सस्ते एवं सुगम आवागमन का साधन होगा। वृक्षारोपण के पूर्व मंत्री सिंह ने वेदों की ज्ञान पंरपरा से परिचय बढ़ाने भारतीय ज्ञान पंरपरा प्रकोष्ठ एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के बुक स्टॉल व विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र का लोकार्पण भी किया। इस दौरान मंच संचालन डॉ. मलय वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. तृप्ति उकास ने किया।



## गौशालाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जबलपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह के निर्देश के परिपालन पर जिले के समस्त जनपद सीईओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के गौशालाओं का निरीक्षण किया। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया ने भी शहपुरा की गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में उपयुक्त व्यवस्थायें पाई गई। साथ ही इसे और व्यवस्थित करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

## चार जुआड़ियों से 8 हजार जब्त

**जबलपुर।** सिहोरा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर ग्राम दर्शनी में आम के पेड़ों के नीचे ताश के पत्तों पर दांव लगाकर मन्ना खेल रहे चार आरोपियों के पास से 8 हजार 350 रुपये कैश व 52 ताश के पत्ते जब्त किये। आरोपियों को 13 जुआ एक्ट के तहत अभिरक्षा में लिया गया। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम दर्शनी में आम के पेड़ की छांव में बैठकर ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार जुआड़ियों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम अमन सोनी, विनोद पटेल, विकास सेन व प्रशांत पटेल बताये। आरोपियों के पास से 52 पत्ते व 8 हजार 350 रुपये नगदी जब्त किये गये।

### उधार सामान नहीं देने पर व्यापारी को पीटा

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थानांतर्गत ग्राम भैरोघाट में कल सुबह उधार सामान मांगने पर दुकानदार के मना करने पर आरोपी ने दुकानदार के साथ डंडे से मारपीट कर उसके सिर व हाथों में चोटें पहुंचाई। स्थानीय जनों के बीचबचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। हमलावर की तलाश जारी है। बेलखेड़ा पुलिस ने बताया कि ग्राम भैरोघाट में कैलाश पाटकर किराना दुकान चलाते है। कल सुबह लगभग 10.45 बजे गांव का कंधी बर्मन किराना का सामान उधार लेने आया था। मना करने पर वह दुकानदार कैलाश पाटकर से गालीगलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर कंधी ने कैलाश के साथ डंडे से मारपीट कर सिर व हाथों में चोटें पहुंचाई।

### खड़े हाईवा से बैटरी चोरी

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत पुराना बस स्टेंड पुलिस कालोनी के सामने गढ़ा में खड़े हाईवा ट्रक की दो बैटरियां किसी ने पार कर दी। बैटरियों की कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है। अज्ञात पर धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गढ़ा पुलिस ने बताया कि नरसिंह वार्ड मदनमहल निवासी प्रशांत दुबे का ड्राइवर अनुज ठाकुर कल रात लगभग 1 बजे हाईवा क्रमांक टीएम 66 ई 8939 को पुलिस कालोनी गढ़ा के सामने पुराने बस स्टेंड के पास खड़ा कर चला गया था। कल शाम 7 बजे अनुज हाईवा लेने गया तो देखा कि हाईवा की दो बैटरियां नहीं थी।

### आर्मी के जवान पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** केंट थानांतर्गत यादगार चौक पर एक बदमाश ने आर्मी के जवान को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि गोराबाजार में रहने वाले आर्मी के जवान 26 वर्षीय धरम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीती रात 12.30 बजे यादगार चौक से गोराबाजार जा रहा था। तभी उसे प्रशांत पासी ने रोका और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। धरम सिंह ने विरोध किया तो प्रशांत ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। घायल को उपचार हेतु एमएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## पाठक की 22वीं कृति बाल बांसुरी प्रकाशित




**सिहोरा।** हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अनेक कृतियां प्रकाशित कर चुके नगर के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की 22 वीं कृति बाल बांसुरी नमन प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है।

### बच्चों से संबंधित 45 कविताएं

इस बाल कविता संग्रह में बच्चों से संबंधित 45 कविताएं सम्मलित हैं। इन कविताओं में जहां शिक्षा, संस्कार एंव संवेदना के स्वर मुखरित हुए हैं वहीं प्रकृति की झलकियों और झांकियों के मोहक चित्र भी हैं। बच्चों का मनोरंजन और ज्ञान वर्धन करती ये कविताएं संदेश परकता की कसौटी में खरी तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहायक हैं।

## मुख्यमंत्री संबल योजना में लगे दैनिक वेतन भोगी ने कर दिया लाखों का खेला

**जांच में आरोप सही पाये गये अब होगी आगे की कार्यवाही**

**सिहोरा।** नगर पालिका का एक दैनिक भोगी जो मुख्यमंत्री संबल योजना का भी कार्य देख रहा था उसने अनेक हितग्राहियों की राशी में ही लाखों का खेला कर दिया।विगत दिनों प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा पार्षद ने दैनिक वेतन भोगी द्वारका कोरी जो योजना में लिपिक का भी कार्य करता है उसके ऊपर मुख्यमंत्री संबल योजना वाले अनेक हितग्राहियों से करीब 1 लाख 85 हजार रुपये से अधिक कथित तौर पर लेने का आरोप लगाया।

लखपति निकला नगर पालिका का दैनिक वेतन भोगी एक तरफ विकास कार्य कराने नगर पालिका सरकार से राशि मिलने की आस में है तो वहीं दूसरी ओर संबल योजना में लगा एक बाबू अनेक हितग्राहियों की राशी हड़पकर लखपति हो गया। पार्षद की लिखित शिकायत और आरोप के बाद बैठक में लिपिक के खिलाफ कार्यवाही करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता एंव सदस्य पार्षद बेबी विनय पाल,लीला सुप्पी बर्मन,जवाहर कोल अंकुश नायक एवं शारदा बर्मन की उपस्थिति में किया गया। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद जवाहर कोल ने कथित तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्ड में मुख्यमंत्री संबल योजना के पांच हितग्राहियों आश्रितों की मृत्यु हो गई थी संबंधित हितग्राहियों में सुरेंद्र ठाकुर,वर्षा बर्मन,गुड्डी बाई कोल,रज्जू कोल एवं मान बाई दुलीचंद कोरी शामिल है हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह योजना का लाभ प्राप्त करने नगर पालिका कार्यालय में अपने-अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। लिपिक ने हितग्राहियों से योजना का लाभ दिलाने के बदले में देय राशि मैं आधी राशि देने का सौदा किया सुरेंद्र ठाकुर को उसके पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि चार लाख स्वीकृत की गई लिपिक ने उनसे एक लाख रुपए लिए वर्षा बर्मन को स्वीकृत दो लाख रुपए में से लिपिक ने 85 हजार रुपए लिए मान बाई कोरी की सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रुपए की स्वीकृति मिली लिपिक ने मां मान बाई कोरी की पूरी राशि ले ली थी गुड्डी बाई कोल एवं रज्जू कोल के आवेदन पत्र लिपिक ने अस्वीकृत करवा दिए। ज्ञात हो हितग्राहियों से रुपए ऐठने वाला बाबू अपनी कार्यप्रणाली के लिए पूरे नगर पालिका में विख्यात है वह है तो दैनिक वेतन भोगी लेकिन ठाठ बाठ जमींदारों जैसे हैं।

### इनका कहना है

दैनिक वेतन भोगी द्वारका कोरी पर भाजपा पार्षद के द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच कराई गई जो सही पाये गये है आगे की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है ।

जय श्री चौहान , मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा

# कार्यकर्ता और मतदाता ही मेरा परिवारः आशीष दुबे

## पनागर विधानसभा में सांसद की आभार यात्रा

जबलपुर।

लोकसभा सांसद आशीष दुबे लोकसभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत के पश्चात मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने प्रत्येक विधानसभा का दौरा कर रहे है एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन एवं मतदाताओं का सम्मान करके अपना आभार प्रकट कर रहे हैं इसी कड़ी में पनागर विधानसभा में सांसद आशीष दुबे की आभार यात्रा रविवार को निकाली गई।जिसमें पनागर विधानसभा से विधायक सुशील तिवारी इंदु,भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांसद आशीष दुबे की आभार यात्रा सुबह 10:30 बजे सुरतलाई से शुरू होकर बेलखडू ,बघोडा,निरंदरपुर,बरौंदा बायपास,उमरिया




चौबे,पनागर पड़ाव, भरवा,पड़रिया, महगवा, इमलिया, महाराजपुर होते हुए शुभ मैरिज गार्डन सुहागी पहुंची। इस दौरान पूरे आभार यात्रा मार्ग में कार्यकर्ताओं, मतदाताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि मुझे पूरे चुनाव के दौरान और उसके बाद से लगातार जिस तरह से कार्यकर्ताओं का स्नेह और विश्वास प्राप्त हुआ उसके लिए में सदैव ही अपने संगठन और कार्यकर्ताओं का आभारी रहूंगा एवं जिस तरह से मतदाताओं ने विश्वास जताकर मुझे अपने परिवार के सदस्य की भांति गले लगाकर स्वागत किया मैं ये जीत उनको समर्पित करता हूं।

पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु ने कहा कि पनागर विधानसभा से पहले विधानसभा और फिर लोकसभा में ऐतिहासिक मतों से भारतीय जनता पार्टी पर मतदाताओं ने विश्वास व्यक्त किया और अभी हमें अपनी विधानसभा को उत्कृष्ट और आदर्श विधानसभा बनाना है। इसमें सांसद सांसद आशीष दुबे का भी हमें पूरा सहयोग मिलेगा। भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू ने पनागर विधानसभा के चारों मंडल और उनमें उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सांसद आशीष दुबे से सम्मानित करवाया गया। इस दौरान पनागर पश्चिम मंडल अध्यक्ष अनिल पटेल,पनागर नगर अंकुर जैन,पनागर पूर्व मोनू खरे,महाराजपुर मंडल अध्यक्ष विज्जू ठाकुर,सुहागी करमेता मंडल अध्यक्ष कुणाल पटेल एवं भाजपा पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्ता,भाजपा परिवारजन और बड़ी संख्या में मतदाता बंधु उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण एक परम पुनीत कर्तव्यः डॉ. चिन्मय पंड्या

## 51 सौ तरु पुत्र महायज्ञ संपन्न, पर्यावरण को बचाने आगे आए सैकड़ों हाथ

जबलपुर।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने मां नर्मदा तट लम्हेटाघाट पर 5100 तरु रोपण यज्ञ में जनमानस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पौधों का सबसे ज्यादा महत्व है, यदि हम एक पौधा लगाते हैं, तो वह जीवन भर हमें करोड़ों रुपए की ऑक्सीजन, दवाइयां, हरियाली ही नहीं देता वरन जीवन जीने के लिए सुख और शांति भी देता है, यदि पेड़ नहीं होते हैं तो शहर पूरा एक गैस का गुब्बारा बन जाता, जैसा कि राजधानी दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने हैं, जहां पर नेत्र रोग, हृदय रोग, चर्म रोगों के मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि पहले नदियां बहुत गहरी हुआ करती थीं, आज पौधे नहीं होने से पहाड़ जगह-जगह गिर रहे हैं, धड़क रहे हैं, जिसका असर निश्चित रूप से हमारे तापमान पर पड़ रहा है। आज हम प्रकृति को नष्ट कर शहर बसा रहे हैं, पौधे काटकर मंजिलें बना रहे हैं, नदियों और तालाबों को नष्ट करते हुए जा रहे हैं, जिसका नतीजा बहुत भयानक होने वाला है। डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धरती को अपनी मां समझकर पौधा अवश्य लगाना चाहिए, सभी अधिक से अधिक पौधे लगाकर आसन्न संकट से बचने अपनी महती भूमिका अवश्य निभाएं।






इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा एक लाख पौधे लगाने का ही नहीं, उन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुधीर मिश्रा, पूर्व डायरेक्टर बम्होस एयरोस्पेस डीआरडीओ, विधायक नीरज सिंह, नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ. एमसी डाबर आदि के द्वारा पर्यावरण को बचाने का अनुरोध सभी से किया गया। कविता तिवारी, गीता डोंगरे द्वारा इस पौधारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी महिलाओं को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

## पूजा संघी बनी सीए



जबलपुर। जबलपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट से जारी सीए फाइनल परीक्षा के परिणाम में पूजा संघी ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने लक्ष्य के प्रति अथक परिश्रम एवं प्रबल इच्छा शक्ति के साथ ध्यान दिया। वे आरती-दीपक संघी की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

## प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

जबलपुर। महाकोशल प्रजापति सामूहिक विवाह विकास समिति के तत्वावधान में 15 जुलाई को पूर्वान्ह 11 से 05 बजे तक श्री सिद्ध गणेश मंदिर परिसर गौरीघाट में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित है, जिसमें समाज के अविवाहित जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। सामाजिकजनों से उपस्थिति का आग्रह रामलाल प्रजापति, तारा चक्रवर्ती, राजकमल चक्रवर्ती, गंगाराम प्रजापति, संतोष प्रजापति, राकेश चक्रवर्ती, गोविंद चक्रवर्ती, कमल चक्रवर्ती, मिलन चक्रवर्ती, मुन्नालाल चक्रवर्ती सहित अन्य ने किया है।

## दरबारे सफावी नई बस्ती कमेटी के सरदार हकीम बाबा साफवी ने प्रशासन का जताया आभार

जबलपुर।

जबलपुर संस्कारधानी में मोहर्रम का त्योहार बड़े ही ऐतिहासिक एवं भाईचारे से मनाया जाता है जो कि पूरे देश में एक मिसाल है। इसी प्रकार से विगत 41 सालों से निरंतर नई बस्ती गाजी मस्जिद के पास गोहलपुर में दरबारे शफ़वी नई बस्ती कमेटी के सरदार हकीम बाबा शफवी के द्वारा सवारी निकाली जाती है जो मुख्यतः शहर के मुख्य मार्ग मोमिनपुरा तलैया, चार खंबा, कोतवाली, गढ़ा होते हुए मदन महल दरगाह पहुंचकर हाजरी पेश कर इमामबाड़े में वापस आती है। सरदार हकीम बाबा सफवी ने बताया कि हर मोहर्रम में पूरे देश से ज्यादातर लोग इस सवारी में शरीक होते हैं एवं देश में अमन चैन सुकून आपसी भाईचारे की दुआ करते हैं। सरदार हकीम बाबा शफवी ने इस वर्ष शानदार व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार एवं शुक्रिया अदा किया है।



## ब्राह्मण होना अभिशाप तो नहीं संपूर्ण ब्राह्मण मंच

जबलपुर। सम्पूर्ण ब्राह्मण मंच ने कहा कि कंचनपुर आधारताल स्थित सीएम राइज स्कूल में कक्षा 6वीं क्लास के अंग्रेजी माध्यम में एडमिशन के लिए आवेदन बुलाए गए थे जिसमें 40 बच्चों का एडमिशन लाटरी के माध्यम से किया गया, जबकि स्टाप कोटा के लिए 5 सीट रिजर्व रखी गई थी, किन्तु विद्यालय के द्वारा कुल 60 लड़कों का एडमिशन किया गया पर एडमिशन का आधार क्या था, इन 15 बच्चों का यह कोई बताने को तैयार नहीं है, जबकि एक निर्धन गरीब ब्राह्मण बच्चा जिसके 5वीं में 79% अंक थे उसे संभवतः इसलिए नहीं लिया गया कि वह सामान्य वर्ग का छात्र था, ब्राह्मण था। आखिरकार जिला प्रशासन जबलपुर को यह दिखाई क्यों नहीं देता है या फिर दिया तले अंधेरा की कहानी को चरितार्थ कर रहा जिला प्रशासन, यदि निष्पक्ष रूप से जाँच की जाए तो स्पष्ट हो सकेगा कि शासन की एडवोकेट को लेकर नियमावली क्या कहती है और किए गए एडमिशन नीति नियम का पालन करते हुए किया गया है या नहीं।

## रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर जबरदस्त उत्साह

जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 20 जुलाई, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल एण्ड इन्फार्मेशन सेण्टर, जबलपुर में आयोजित होने वाले रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर उद्यमियों में जबरदस्त उत्साह है। कॉन्क्लेव में भाग लेने हेतु स्थानीय उद्यमियों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों एवं अन्य प्रदेशों के उद्येमियों द्वारा निरन्तर पंजीयन किए जा रहे हैं। वर्तमान में 3355 पंजीयन हो चुके हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि उद्योग जगत इस कॉन्क्लेव को लेकर कितना उत्साहित है। कॉन्क्लेव में भाग लेने हेतु जबलपुर संभाग के जिलों से 2451 तथा प्रदेश के अन्य जिलों से 665 पंजीयन किये गये हैं इस प्रकार मध्यप्रदेश के 3116 पंजीयन किये गये हैं अन्य राज्यों महाराष्ट्र से 69, गुजरात से 34 उत्तरप्रदेश से 30 दिल्ली से 30 राजस्थान से 25

### 3300 से अधिक उद्यमियों ने कराया पंजीयन

पंजाब व हरियाणा से 20 तथा उक्त के अलावा अन्य 11 प्रदेशों से 31 पंजीयन हुये हैं। किये गये पंजीयनों में एग्रो एण्ड फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के 1194, इलेक्ट्रिकल एण्ड इंजीनियरिंग के 378, माईन्स एण्ड मिनरल्स सेक्टर के 240, टेक्सटाईल एण्ड गारमेण्ट सेक्टर के 174, 'प्लॉस्टिक आधारित उत्पादों के 119, केमिकल सेक्टर के 98, होटल एवं टूरिज्म सेक्टर के 78, डिफेन्स सेक्टर के 67 एवं अन्य सेक्टर के 1007 निवेशक हैं। यह रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव न केवल उद्योग जगत के लिए एक मंच होगा बल्कि महाकौशल क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगा। कॉन्क्लेव में एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, माईन्स एण्ड मिनरल्स, टेक्सटाईल एण्ड गारमेण्ट, डिफेन्स इत्यादि सेक्टर पर पृथक- पृथक सेक्टोरियल सेशन रखे गये हैं सेक्टोरियल सेशन के प्रजेण्टेशन एवं पैनल डिस्कशन विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति और अवसरों पर केंद्रित होंगे। आयोजन स्थल पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, स्थानीय प्रोडक्ट एवं रक्षा संस्थानों से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का भी आयोजन है। कॉन्क्लेव में वायर-सेलर मीट, बी-2-बी मीट का वृहद स्तर पर आयोजन होगा जो प्रतिभागियों को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु एक अच्छा प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इस कॉन्क्लेव में निवेश की संभावनाओं का पता लगाने, साझेदारी स्थापित करने और राज्य के औद्योकगिक विकास को मजबूत करने पर भी चर्चा होगी।



## विख्यात ताजिया धुर्रो शाह की तकिया देखने व मुराद लेकर पहुँचते हैं जियारतमंद लोग

जबलपुर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व जबलपुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है, इसी के चलते जबलपुर की विख्यात धुर्रो शाह की तकिया ताजिया जो कि विगत 200 वर्ष से पूर्व से रखी जा रही है जो कि लगभग जबलपुर की ताजियाओं में से एक है, हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ताजिया पूरे सानो शौकत के साथ मोहर्रम की 9 तारीख को रात्रि 01 बजे उठकर बहोराबाग से कोतवाली गस्त करके वापस बहोराबाग तकिया आएगी एवं 17 तारीख को दोपहर 2 बजे बहोराबाग से उठकर विसर्जन हेतु रानीताल कर्बला में पहुँचेगी जिसमें शरीक होने जबलपुर के अलावा अन्य राज्य व शहरों से लोग उपस्थित होते हैं धुर्रो शाह की तकिया के मुजावर हसन शाह ने जिला प्रशासन से जुलूस हेतु सुरक्षा की मांग की है।

## अतिथि शिक्षक रखने की व्यवस्था अतिशीघ्र की जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की इस समय शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कहीं शिक्षक अतिशेष हैं, तो कहीं दर्ज संख्या के मान से कम हैं, ऐसे में सामंजस्य या यूं कहें की एकरूपता नहीं रह गई है, जिससे अध्यापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्री प्राइमरी प्रारम्भ करने और नर्सरी कक्षा1 के शिक्षक न मिलने से समस्या और बढ़ गयी है जो अब सिर्फ अतिथि शिक्षक रखने से ही दूर हो सकती है। जब तक़ स्थानांतरण और उच्च पद प्रभार से शिक्षक स्कूलों में नहीं आते तब तक अतिथि शिक्षक रखने के आदेश अतिशीघ्र जारी किए जाएँ। संघठन के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनुकान्त शर्मा, दिनेष गौंड़, राकेष श्रीवास, हेमन्त ठाकरें, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, आशीष कोरी, एस.बी.रजक, आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है की अतिथि शिक्षक रखने के आदेश अतिशीघ्र किए जाएं।



## विश्वकर्मा समाज ने युवक-युवती का कराया विवाह

जबलपुर। श्री विश्वकर्मा महासंगठन म.प्र. व जानकी बाई छकोड़ीराम भगवान विश्वकर्मा मंदिर तुलाराम चौक व सभी सामाजिक संगठन समितियों के सहयोग/ योगदान से अंजली शर्मा कानपुर व सौरभ विश्वकर्मा दमोह का विवाह 14/07/24 को सामाजिकजन मातृशक्तियों, परिजनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से संपन्न कराया गया। सभी ने आशीर्वाद शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर रमेश विश्वकर्मा, एड. ओ.पी. विश्वकर्मा, अरविन्द शरद विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा हंस, विश्वकर्मा महिला संगठन अध्यक्ष नम्रता विश्वकर्मा, केके अजय, संजय, महेश, शिवकली, कविता, आरती आदि मौजूद रहे।



## बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा शौर्य यात्रा संपन्न

जबलपुर। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा का आयोजन मानस भवन में संपन्न हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि आचार्य राकेश आर्य, अम्बरीष सिंह केन्द्रीय मंत्री विश्व हिन्दू परिषद ने 1700 कार्यकर्ताओं को सनातन धर्म की रक्षा की शपथ दिलाई। त्रिशूल दीक्षा के पश्चात शौर्य यात्रा मानस भवन से प्रारंभ हुई, शौर्य यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शौर्य यात्रा मुख्य मार्गों से भ्रमण कर मानस भवन प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई जिसमें महाकोशल प्रांत मंत्री उमेश मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री जितेन्द्र वर्मा एवं क्षेत्र प्रांत विभाग जिले के समस्त कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## निधन

**श्री रवि चौहान**- रामनगर रामपुर निवासी श्री राजेश चौहान के पुत्र श्री रवि चौहान (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना कोचर**- राइट टाउन निवासी श्री विजय कोचर की धर्मपत्नी श्रीमती मीना कोचर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ज्ञानेश्वरी नायडू**- यादव कॉलोनी निवासी श्री विजय नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानेश्वरी नायडू (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री सावित्री सिंह**- राइट टाउन निवासी श्री भंवरपाल सिंह की पुत्री सुश्री सावित्री सिंह (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मधु बर्मन**- रामनगर नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री राहुल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती मधु बर्मन (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमलता कैथवास**- सरकारी कुआं घमापुर शीतलामाई निवासी श्री गंगाराम कैथवास की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता कैथवास (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल चौधरी**- रामपुर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री त्रिलोचन सिंह**- नर्मदा रोड निवासी श्री त्रिलोचन सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीला बाई दुबे**- ओमकार कॉलोनी गोहलपुर निवासी श्री छोटे लाल दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष चौधरी**- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री संतोष चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सचिन्द्र नाथ मिश्रा**- गांधी नगर कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सचिन्द्र नाथ मिश्रा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्रम मलिक**- शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री रज्जन मलिक के पुत्र श्री विक्रम मलिक (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आशीष मुले**- बड़ी ओमती निवासी श्री दामोदर मुले के पुत्र श्री आशीष मुले (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला बावरिया**- मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री मातादीन बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला बावरिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल**- नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास निवासी श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र सेन**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री महेंद्र सेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अरूण बड़ोनिया**- ग्वारीघाट नई बस्ती निवासी श्री अरूण बड़ोनिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव**- गली नं. 10, सदर निवासी श्री विजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम कुमार समुंद्रे**- इंद्रपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री श्याम कुमार समुंद्रे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

## मुनि संघ की 17 को होगी भव्य आगवानी




## 21 को चातुर्मास कलश स्थापना

जबलपुर।

नगर के हृदय स्थल हनुमानताल में 5 जैन मंदिरों के मध्य स्थित दिगम्बर जैन श्री पार्श्वनाथ नन्हें मन्दिर एवं बरियावाला मंदिर जी के संयुक्त तत्वावधान में 108 उपाध्याय विरंजनसागर,108 विश्वदृगसागर, 108 विसौम्यसागर एवं छुल्लिका 105 साधना श्री एवं छुल्लिका 105 विशिला श्री माताजी के ससंघ का चातुर्मास करने का निश्चय किया है। मुनि संघ की भव्य आगवानी 17 जुलाई को प्रातः 7 बजे से रानीताल चौराहे से गढ़ा फाटक, लार्डगंज जैन मंदिर, सराफा होते हुए हनुमानताल रोड स्थित श्री नन्हे मन्दिर जी में विराजित होंगे। जैन दर्शन के अनुसार मुनि मुनिराज के चातुर्मास स्थापना पर कलश स्थापना करने की परम्परा है, अतः 21 जुलाई (गुरू पूर्णिमा) को सुबह 8 बजे से कलश स्थापना कार्यक्रम जैन पूजन विधि से प्रारंभ किये जाएंगे। डॉ. श्रीमती निधि जैन 'तारबाबू' अध्यक्ष, विकास जैन 'बंटी' मीडिया प्रभारी ने उपस्थिति का आग्रह किया है।



## कोष्टा समाज द्वारा किया गया पौधरोपण

मझौली। कोष्टा समाज मझौली द्वार पोला रोड नरीला में लगभग 100 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें कटहल आम जामुन अमरूद आदि फलदार वृक्षों का रोपण किया। इसके पहले भी इनके पूर्वजों द्वारा यहां पर वृक्षारोपण किया गया था जो वृक्ष आज भी हैं और यह संकल्प लिया गया कि सभी वृक्षों को जीवित रखना है। समय-समय पर उनकी सेवा करते रहना है। इस दौरान सुरेंद्र कोष्टा, सुरेशकोष्टा, हरीश, महेंद्र, मनीष, पंकज कोष्टा, नीलू कोष्टा सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# एचडीएफसी बैंक बना दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक, एसबीआई ने मारी छलांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभी कुछ सालों पहले ही भारी भरकम एनपीए से जूझ रहे भारतीय बैंक अब दुनिया के दिग्गज बैंकों को टक्कर दे रहे हैं। प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू साल 2024 की दूसरी तिमाही के अंत तक 17 फीसदी बढ़ गई है। बैंक का मार्केट कैप भी 154.4 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक बन गया है। एचडीएफसी के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक भी दुनियाभर के बैंकों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ग्लोबल डेटा के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक भारत के तीन सबसे ज्यादा लोन बांटने वाले बैंक हैं।

- बैंक का मार्केट कैप भी बढ़कर 154 . 4 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका

## निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू 17 फीसदी बढ़ी

### एचडीएफसी ग्लोबल रैंकिंग में 10वें स्थान पर

इन तीनों ही बैंकों की मार्केट कैप में जून में समाप्ति हुई तिमाही में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते ग्लोबल रैंकिंग में भी यह तीनों बैंक लगातार ऊपर गए हैं। एचडीएफसी बैंक रैंकिंग में 3 नंबर ऊपर जाकर 10वें स्थान पर पहुंच गया है। ग्लोबल डेटा के अनुसार, मजबूत तिमाही नतीजों, निवेशकों का पॉजिटिव रुख और बैंक के भविष्य को लेकर बढ़ रही उम्मीद के चलते यह उछाल आ रहा है। एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे 20 जुलाई को आने वाले हैं।







*आईसीआईसीआई बैंक का 18वें नंबर पर कब्जा : रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 की पहली तिमाही के अंत में रॉयल बैंक ऑफ कनाडा 10वें स्थान पर था। उधर, आईसीआईसीआई बैंक की मार्केट वैल्यू भी जून तिमाही के अंत में 11.5 फीसदी बढ़कर 102.7 अरब डॉलर हो चुकी है। इसके साथ ही यह टॉप 25 ग्लोबल बैंकों में 18वें नंबर पर आ गया है। टीडी बैंक मार्च तिमाही में 18वें स्थान पर था। आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजे 27 जुलाई को आने वाले हैं।*

### रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया एसबीआई

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का मार्केट कैप भी 11.9 फीसदी बढ़कर 90.1 अरब डॉलर हो चुका है। यह ग्लोबल रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया है। मार्च तिमाही में यह स्पॉट अल राझी बैंकिंग एंड इनवेस्टमेंट के पास था। जून तिमाही के अंत में टॉप 25 बैंकों की मार्केट कैप में 5.4 फीसदी का उछाल आया और यह 4.11 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गई है। चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक और जेपी मॉर्गन चेस ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जेपी मॉर्गन चेस अभी भी दुनिया का सबसे मूल्यवान बैंक बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस रही सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इरेडा के शुद्ध लाभ में 30 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 383.69 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 294.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जून में बढ़कर 1,501.71 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,143.50 करोड़ रुपये थी।

### एचसीएल टेक का लाभ बढ़कर 4,257 करोड़



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 20.4 प्रतिशत बढ़कर 4,257 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 के लिए राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने आने वाली तिमाहियों में अच्छी वृद्धि हासिल करने का भरोसा जताया।

### पीसी ज्वेलर की वॉरंट से 2,705 करोड़ रुपए जुटाने की योजना



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने प्रवर्तकों और निवेशकों को तरजीही आधार पर वॉरंट जारी करके 2,705 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि जुटाई गई राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंक कर्ज को चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

### शाओमी इंडिया का मुनाफा घटकर हुआ 77 फीसदी



**नई दिल्ली।** चीन की स्मार्ट उपकरण विनिर्माता शाओमी टेक्नोलॉजी का भारत में मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना आधार पर 77 प्रतिशत घटकर 238.63 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने 2021-22 में 1,057.7 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। 2022-23 में लगभग 32 प्रतिशत घटकर 26,697 करोड़ रुपये रह गई।

### गेल के पूर्व चेयरमैन प्रसाद का निधन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सी आर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने 'लिंक्डइन' पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि, उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है। इसमें कहा गया है, 'डॉ. सी आर प्रसाद 1994 में निदेशक (योजना) के रूप में गेल में शामिल हुए और 1996 में सीएमडी बने थे।' वह 2001 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे।

## प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने किया अनुरोध

# आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार : एआईएफटीपी

- आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर पांच लाख करना चाहिए
- कर ढांच को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर
- अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए।

अध्यक्ष जैन ने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा वित्त मंत्री दिए अपने ज्ञापन में कहा, 'पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए।'

### शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है बताए

जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं। उन्होंने अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें जारी रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्याप्त रूप से यह नहीं बताती है कि शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है।




### नोटबंदी में बढ़ा उपकर मूल रूप में लौटे

अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सरकार का मौलिक कर्तव्य है। ज्ञापन में अस्पष्ट नकद क्रेडिट, ऋण, निवेश और व्यय पर धारा 115बीबीई के तहत कर की दर का भी उल्लेख किया गया है, जिसे नोटबंदी के दौरान बढ़ाकर 75 प्रतिशत और उपकर कर दिया गया था। जैन ने इस दर को मूल 30 प्रतिशत पर वापस लाने की वकालत की है।

### केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती है

*बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।*

*पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा मिलेगा : सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, पॉलिसीधारकों को मिलने वाले प्रतिफल में सुधार करने पर केंद्रित हैं।*

### पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

सरकार '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं।

### अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी

इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी।

# थोक पैकिंग पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सरकार ने जनता से मांगी राय
- 25 किलो से अधिक वस्तु पैक पर लैबलिंग अनिवार्य

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), समाप्ति तिथि, निर्माता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'देखा गया है कि 25 किलोग्राम से अधिक वजन वाली पैकेज्ड वस्तुएं भी खुदरा बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।'

### 29 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित

इससे उद्योग जगत में स्पष्टता आने और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने प्रस्ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। यदि नए नियम लागू किए जाते हैं, तो वे औद्योगिक या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकेज्ड वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 15 .5 प्रतिशत रहा
- तिपहिया को छोड़ सभी वाहनों का निर्यात बढ़ा

देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 62,857 वाहनों का निर्यात किया था। अप्रैल-जून में हुंदै मोटर का निर्यात 42,600 इकाई रहा। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 35,100 इकाइयों का निर्यात किया था। तिमाही के दौरान देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 9,23,148 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,91,316 इकाई रहा था।

### उद्योग के लिए अच्छा संकेत

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि निर्यात का आंकड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा संकेत है कि निर्यात अपने निचले स्तर से उबर आया है, खासकर वाणिज्यिक वाहन खंड। इस साल पहली तिमाही से वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है।

# मैक्रोटेक ने जून तिमाही में मुंबई, पुणे में खरीदी जमीन




**नई दिल्ली।** घरों की मजबूत मांग को देखते हुए रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मुंबई क्षेत्र और पुणे में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री क्षमता वाली परियोजनाओं को विकसित करने के लिए तीन जमीन के टुकड़े (भूखंड) का अधिग्रहण किया है।लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स दो तरीकों- प्रत्यक्ष खरीद और भूस्वामियों के साथ साझेदारी से भूमि अधिग्रहण कर रही है। 'हमने एमएमआर और पुणे में तीन परियोजनाएं जोड़ी हैं, जिनका जीडीवी 11,100 करोड़ रुपये है, जो पूरे वर्ष के लक्ष्य 21,000 करोड़ रुपये का 50 प्रतिशत से अधिक है।'नहीं किया है कि उसने सीधे तौर पर जमीन खरीदी है या भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है।

# सरकार एमटीएनएल के बांड ब्याज का भुगतान करेगी

- कोई चूक नहीं होगी : सूत्र
- राशि 20 जुलाई से पहले होगी चुकता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बांड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी, और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा। कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बॉन्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) के सूत्रों ने कहा कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी, और जोर देकर कहा कि इसपर कोई चूक नहीं होगी। सूत्रों ने कहा, 'बकाया राशि का भुगतान तय तारीख से पहले किया जाएगा।'

*एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि नहीं : एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) के अनुसार, एमटीएनएल को देय तिथि से 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।*

## केंद्र ने झारखंड से 10 खनिज ब्लॉक नीलामी करने कहा...



**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की एक खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। सूत्रों ने बताया कि 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है। सूत्रों ने कहा कि जब खनिज ब्लॉकों की नीलामी की बात आती है, तो झारखंड सरकार अन्य राज्यों से पिछड़ रहा है।

# कार्यालय से काम करने वालों की संख्या बढ़ी : टीसीएस

एजेंसी ⏭ मुंबई




- कर्मचारियों का प्रतिशत महामारी से पहले के स्तर पर पहुंचा

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के कार्यालयों से काम करने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत कोविड महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच गया है।

टाटा समूह की कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मिलिंद लक्कड़ ने स्वीकार किया कि इसमें अपेक्षा से अधिक समय लगा। उन्होंने कहा कि 18 महीने के 'कठिन' प्रयासों के बाद यह स्तर हासिल किया गया है। लक्कड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'हम वास्तव में उस बिंदु पर आ गए हैं, जहां हमें विश्वास है कि हम लगभग कोविड महामारी से पूर्व के स्तर पर वापस आ रहे हैं।' लक्कड़ ने कहा कि छह लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी के लिए यह 'सामान्य बात है', तथा टीसीएस अगली दो तिमाहियों में इस तरह की निगरानी नहीं करेगी। उन्होंने बिना कोई आंकड़ा दिए कहा कि सप्ताह में पांच दिन कार्यालयों से काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या पूर्व में घोषित 70 % से अधिक है।

### महिला कर्मचारियों की संख्या में मामूली गिरावट

यह ध्यान देने योग्य है कि कोविड महामारी से प्रेरित लॉकडाउन के परिणामस्वरूप पूरे आईटी उद्योग के कर्मचारियों को अपने घरों से काम करना पड़ा। टीसीएस ने इस साल जून तक महिला कर्मचारियों की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज करते हुए 35.5 प्रतिशत रहने की बात कही है।

## देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा फास्ट इंटरनेट

# टाटा-बीएसएनएल की डील से कटेगा जियो-एयरटेल का पत्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो के रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी के बाद लोग बीएसएनएल की ओर बढ़ने लगे हैं। इतना ही नहीं एयरटेल और जियो यूजर्स तेजी से बीएसएनएल में अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करा रहे हैं।

- दोनों के बीच हुई 15 हजार करोड़ रुपए की डील

साथ ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड्स चलाए जा रहे हैं। वहीं खबर यह भी है कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विस और बीएसएनएल के बीच 15 हजार करोड़ रुपए की डील हुई है। टीसीएस और बीएसएनएल मिलकर भारत के 1000 गांव तक 4जी इंटरनेट सर्विस को रोलआउट करेंगी, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को फास्ट स्पीड इंटरनेट सर्विस मिलेगी।

### जियो-एयरटेल ने रिचार्ज बढ़ोतरी का किया ऐलान

जियो ने पिछले महीने जून में अपने रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया था। जिसके तुरंत बाद एयरटेल और वीआई ने भी अपने प्लान में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया, जहां जियो और एयरटेल के बढ़े हुए दाम 3 जुलाई से लागू हो गए हैं, तो वहीं वीआई के बढ़े हुए दाम 4 जुलाई से लागू हुए हैं।




सबसे ज्यादा बढ़ोतरी जियो ने की : प्राइस में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी जियो ने की है। कंपनी ने एक बार में ही प्राइस में सीधे 12 से 25 प्रतिशत तक का इजाफा कर दिया है। तो वहीं एयरटेल ने दामों में 11 से 21 प्रतिशत तक इजाफा किया है और वीआई ने 10 से 21 फीसदी तक इजाफा कर दिया है। सबसे ज्यादा गुस्सा लोगों का जियो को लेकर सोशल मीडिया पर निकल रहा है। इसी वजह से लोग अब बीएसएनएल की तरफ अपना रुख कर रहे है।

### जियो और एयरटेल की बढ़ेगी टेंशन

मौजूदा समय की बात करें तो अभी 4जी इंटरनेट सर्विस में जियो और एयरटेल का दबदबा बना हुआ है, लेकिन अगर बीएसएनएल मजबूत हो गया तो ये जियो और एयरटेल की टेंशन बढ़ा सकता है। टाटा भारत के करीब चार रीजन में डेटा सेंटर बना रहा है, जो कि भारत के 4जी इंफ्रॉस्ट्राक्चर को बनाने में मदद करेगा। बीएसएनएल की ओर से देशभर में 9000 से ज्यादा 4जी नेटवर्क को लगाया गया है, जिसे एक लाख करने का लक्ष्य है।

## इंडियन ऑयल में रेसिंग कार का ईंधन उत्पादन हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। कंपनी ने बयान में कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने शनिवार को एक कार्यक्रम में स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी की ईंधन बाजार में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

सीएम साय ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

# बैगा आदिवासियों के लिए तत्काल लगाए जाएं स्पेशल हेल्थ कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीएम विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, बैगा आदिवासियों के लिए स्पेशल हेल्थ कैंप लगा दिए जाएं। रायपुर- बैगा आदिवासियों की मौत को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, इन सभी के लिए स्पेशल हेल्थ कैंप लगा दिए जाएं। यानी इनके इलाज के लिए जगह-जगह पर स्पेशल हेल्थ कैंप लगाने के निर्देश राज्य सरकार ने दिए हैं। साथ ही सीएम ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा और कबीरधाम जिले के अफसरों से बातचीत करके इस मामले की पूर जानकारी भी ली है।



## मलेरिया और डायरिया से कितने लोगों की गई जान

जानकारी के मबतिक, गंदा पानी पीने, मलेरिया और डायरिया की वजह से 5 बैगा आदिवासियों ने अपना दम तोड़ा है। इस तरह की दिक्कत चिल्फी, झलमला और तरेगांव के जंगली इलाकों में रहने वालों के साथ हो रही है।

### उप मुख्यमंत्री ने किया छात्रावास का निरीक्षण

सीएम साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा चिल्फी, झलमला और तरेगांव के जंगली इलाकों में सोनोग्राफी मशीन को जल्द खरीदने के लिए कहा है। इधर, उपमुख्मंत्री शर्मा नेआदिवासी बालक छात्रावास में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया और मरीजों से बात की है।

### जुटाया मरीजों का आंकड़ा

बताया जा रहा है कि, 20 से ज्यादा आदिवासी बीमार चल रहे हैं। गांव सोनवाही की बात की जाए तो यहां पर 194 घर है। जिसमें महज 580 लोग रहते हैं, वहीं इस गांव में 12 कुआं और 2 हैडपंप है। वैसे तो 11 जुलाई को 194 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था, जिसमें 8 लोगों का स्वास्थ्य खराब होने शिकायत आई थी। इनमें 7 लोगों को मौसमी बुखार के लक्षण और 1 को उल्टी हुई थी।

### उल्टी-दस्त से हुई मौत

इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का कहना है कि, बैगा आदिवासियों की मौत उल्टी-दस्त से हुई है। लेकिन राज्य सरकार इनकी मौत की वजह से अलग-अलग बता रही है।

इंटरेक्टिव सेशन के बाद सीएम डॉ. यादव ने संस्थागत निवेश के साथ की राउंड टेबल मीटिंग

# इनवेस्ट मप्रः रोड टू जीआईएस-2025 में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यशैली को उद्योगपतियों ने सराहा

### मुख्यमंत्री की स्पष्टवादिता से प्रभावित हुए निवेशक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन सुश्री निसाबा गोदरेज ने वन-टू-वन चर्चा के दौरान मप्र की सराहना करते हुए कहा कि सरकार के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर प्रदेश में उपभोक्ता उत्पादों का एकीकृत प्लांट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस प्लांट में 400 से 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। प्रयास होगा कि आने वाले एक वर्ष में उत्पाद शुरू हो जाए। उन्होंने निवेश को प्रदेश में संचालित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उद्योगपतियों के साथ संपर्क और संवाद, निवेशकों के साथ चर्चा के विभिन्न सत्रों का आयोजन मुम्बई के ताज महल होटल में किया गया। इसमें मुख्यमंत्री के व्यापार और व्यवसाय के प्रति दृष्टिकोण की देश के ख्यातनाम उद्योगपतियों ने खुलकर सराहना की। देश के प्रसिद्ध उद्योगपतियों ने एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 की पृष्ठभूमि में शनिवार को मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पष्टवादिता और दृढ़ता की प्रशंसा की है।

### आधुनिकतम तकनीक के साथ निर्माण कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जैव-विविधता संरक्षण की चिंता की सराहना करते हुए हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कम्पनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत गुलाबचंद ने कनेक्टिविटी की सुविधा को जैव-विविधता से छेड़छाड़ किए बिना आधुनिकतम तकनीक के साथ निर्माण कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की। वन-टू-वन सेशन में लार्सन एण्ड टूब्रो के सीएमडी एसएन सुब्रमण्यम ने इंडोर आईटी कॉम्प्लेक्स एवं डेटा सेंटर में निवेश और पारले एग्रो की सीईओ सुश्री शोना चौहान ने प्रदेश में बेवरेज और डेयरी प्रॉडक्ट्स के उत्पादन में निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। सीआईआई के उपाध्यक्ष मुकंदन ने प्रदेश की सीखों-कमाओ योजना की सराहना करते हुए संस्था के सदस्यों की ओर से निवेश के प्रस्तावों की जानकारी दी।

### वन-टू-वन चर्चा में यह उद्योगपति भी हुए शामिल

वन-टू-वन चर्चा के दौरान रिलायन्स अनिल धीरु भाई अम्बानी ग्रुप चेयरमैन अनिल अम्बानी, जीएसडब्ल्यू सीमेंट एंड पेन्ट के मैनेजिंग डारेक्टर पार्थ जिंदल, हेटिज ग्रुप के एमडी और सीईओ आंद्रे इकोल्ड्, लोधा ग्रुप के एमडी अभिनंदन लोधा, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एसजे तापड़िया सहित अनेक उद्योगपतियों और निवेशकों ने चर्चा की। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एमडी एचके अग्रवाल ने कहा कि ग्रासिम समूह देश की आजादी के बाद से ही प्रदेश से जुड़ा हुआ है। समूह के जो औद्योगिक केंद्र प्रदेश में हैं, वे सभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है। उन्होंने कहा कि जो उद्यमी सफल होना चाहते हैं, उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश करना चाहिए।

### भारत की सफलता में सभी राज्यों का सहयोग

इंटरेएक्टिव सेशन के दौरान चेयरमैन वेलस्पन ग्रुप वीके गोयनका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत की सफलता में सभी राज्यों का सहयोग जरूरी है। डॉ. यादव ने पिछले 8 माह के दौरान जो कार्य किए हैं, उससे प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास की गति तेज हुई है। केन-बेतवा, पार्वती-काली सिंध नदी परियोजनाएं और गांधी सागर चंबल परियोजना जैसी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं ला रहे हैं। कार्य के प्रति उनका समर्पण दिल से है। उद्योगों के लिए 40 प्रतिशत बजट भी बढ़ाया गया है। इससे उद्योगों को बड़ी राहत मिलेगी, साथ औद्योगिक विकास की गति तेज होगी। मप्र देश का निवेश गंतव्य बनेगा और प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के प्रयासों में अग्रणी रूप से योगदान देगा।

### मुख्यमंत्री ने मप्र के विकास में भागीदारी के लिए युवाओं को किया प्रोत्साहित

इंटरेक्टिव सेशन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थागत निवेश के साथ राउंड टेबल मीटिंग की। प्रदेश की निवेश मित्र नीतियों और कार्य संस्कृति संबंधी चर्चा की। निवेश संभावनाओं को प्रकाशित करते हुए निवेश के लिए प्रेरित किया। फियो के साथ राउंड टेबल मीटिंग में प्रदेश में निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए फियो ने विदेशों में आयोजित किए जाने वाले रोड शो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से शामिल होने का अनुरोध किया। स्टार्टअप के साथ राउंड टेबल बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में भागीदारी के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में आईटी उद्योगों की स्थापना और प्रदेश में उपलब्ध प्रचुर खनिज और कृषि के कच्चे माल से उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यापार-व्यवसाय को बढ़ाने की सरकार की नीति और नीयत साफ है। विकास व्यापार के मार्ग की हर बाधा को हटाया जाएगा।

# केंद्रीयकृत ऑनलाइन प्रणाली से होगा एमएसएमई औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाइन भुगतान, वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने उक्त आशय के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिए 40 प्रतिशत तक एवं मध्यम श्रेणी की खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को मूल सहायता का डेढ़ गुना तक प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने का प्रावधान हैं।

▶ प्रोत्साहन राशि के बजट में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी

एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संबर्धन सुविधा प्रदाय योजना में वर्ष 2023-24 में 490 करोड़ का बजट प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2024-25 में 699.20 करोड़ रुपए किया गया है। बजट में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई हैं। मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिए पहली बार राशि रुपए 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया हैं। मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2021 लागू हैं।

### पहले भुगतान प्रक्रिया जटिल थी एवं विलम्ब होता था

पूर्व में सूक्ष्म एवं लघु श्रेणी की इकाईयों के लिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान जिला स्तर से किया जाता था, जिससे इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण, भुगतान प्रक्रिया जटिल थी एवं विलम्ब होता था। अब सरलीकरण एवं पारदर्शिता के लिए एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने निर्देश दिए, जिसके अनुक्रम में एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाइन भुगतान, वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर करने का निर्णय लिया है।

### मैक्सिमम गवर्नेंस की अवधारणा होगी मजबूत

सुचारू संचालन के लिए वित्त विभाग की ओर से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को पृथक से पीडी अकाउण्ट स्वीकृत किया गया हैं। केन्द्रीयकृत भुगतान प्रणाली के तहत प्रदेश के समस्त स्वीकृत प्रकरणों में पात्र इकाईयों को उत्पादन दिनांक के वरियता क्रम में पीडी अकाउण्ट के माध्यम से उनके खाते में राशि का सीधा भुगतान, वितरण उपलब्धता अनुसार पारदर्शी प्रक्रिया से किया जा सकेगा। उक्त प्रणाली के लागू होने से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस की अवधारणा को मूर्त रूप मिलेगा।

# अवैध संबंधों में शक के कारण प्रेमी ने की थी महिला की हत्या



**बालोद।** छग के बालोद में एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका से पहले शारीरिक संबंध बनाए, फिर उसे मार डाला। इसके बाद लाश पर पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। इतना ही नहीं बेरहमी से शव को हंसिया से काटकर 7 टुकड़ों में बांटा और नाले में बहा दिया।

### सुबूत मिटाने शव को जलाया, टुकड़े किए

दरअसल हत्या की यह घटना पिछले 13 अप्रैल की है, जब प्रमिला धुर्वे (39 वर्ष) की लाश टुकड़ों में मिली थी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को जुटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के पास चुनौती थी कि ये लाश के टुकड़े किसके हैं। पता चला कि स्वरूप धुर्वे की पत्नी गांव में नहीं है। पूछताछ में स्वरूप ने बताया कि उसकी पत्नी प्रमिला ध्रुर्वे गायब है। फोन भी नहीं लग रहा है। पुलिस ने फोन नंबर लेकर मोबाइल डेटा रिकवर करने के लिए साइबर सेल को लगाया।

### किसी अन्य पुरुष से कर रही थी बात

बताया जा रहा है कि संबंध बनाने के बाद गर्लफ्रेंड आधी रात को किसी और लड़के से बात कर रही थी, जिसे आरोपी ने देख लिया। इससे वह बेहद नाराज हुआ और तैश में आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी इसी दौरान पता चला कि डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के बकलीटोला गांव की एक महिला कई दिनों से लापता है। वह अपने मायके बाघमार में भी नहीं है। खबर मिलते ही बालोद थाना प्रभारी रवि पांडेय अपनी टीम के साथ बकलीटोला पहुंचे।

सेवानिवृत्त जस्टिस रोहित आर्या ने की भाजपा की सदस्यता ग्रहण, कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी ने दंड संहिता को न्याय संहिता में बदलकर बहुत बड़ा काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा विधि प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को आयोजित दण्ड संहिता से न्याय संहिता की आभार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पिछले दस साल में देश के विकास के लिए ऐसे निर्णय लिए गए, जिससे देश ही नहीं, दुनिया अचंभित हो गई। चाहे कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना हो या फिर अंग्रजों के जमाने से चले आ रहे कानून को दण्ड संहिता से न्याय संहिता में बदलने का काम हो।

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन



सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दण्ड संहिता को न्याय संहिता में बदलकर बहुत बड़ा कार्य किया है। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आर्या ने पार्टी की रीति नीति भाजपा की जनोन्मुखी विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। मंच पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी, एसएस उप्पल भी उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बज रहा भारत का डंकाः शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के कानून दण्ड संहिता को साल 2019 से बदलने के लिए काम शुरू किया और एक जुलाई 2024 से इसे लागू कर दिया गया। कानून में बदलाव से न्याय भी त्वरित मिलेगा और जनता का विश्वास भी बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने झूठी कहानियां गढ़कर पीएम मोदी रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं रोक पाए। आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए देश का विकास तेज रफ्तार से कर रही है। शायद ऐसा ही कोई क्षेत्र होगा, जहां विकास नहीं हो रहा होगा। भारत का डंका दुनिया में बज रहा है और दुनिया में अब भारत को आशा भरी निगाहों से देखा जाता है।

जीत बताती है कि लोगों को भाजपा सरकार और संगठन पर भरोसा

# अमरवाड़ा उपचुनाव जनता के विश्वास, भाजपा की विचारधारा पर भरोसे की जीतः डॉ. यादव

*संगठन शक्ति एवं डबल इंजन सरकार के सम्मिलित प्रयासों का आशीर्वाद है जीत*

*भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से अमरवाड़ा में खिला कमल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह के विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई व जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की विचारधारा पर भरोसे की जीत है। भाजपा के प्रदेश





अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह विजय संगठन शक्ति एवं डबल इंजन सरकार के सम्मिलित प्रयासों का आशीर्वाद है।

### अमरवाड़ा की जनता को सीएम ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह की जीत पर मैं अमरवाड़ा क्षेत्र की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। अमरवाड़ा में भाजपा को मिली जीत संगठन शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र और मप्र सरकार के कार्यों पर जनता के विश्वास की जीत है। यह जीत भाजपा विचारधारा पर जनता के भरोसे की जीत है। यह जीत बताती है कि जनता भाजपा की सरकार और भाजपा संगठन पर भरोसा कर रही है। मैं अपनी ओर से इस जीत पर प्रदेश वासियों और खासकर अमरवाड़ा की जनता को बधाई देता हूं और आभार मानता हूं।

### अमरवाड़ा की जनता के संकल्प से मिली विजय

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। यह विजय भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों को जनता के अपार समर्थन का परिणाम है। भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से अमरवाड़ा में कमल खिला है। अमरवाड़ा उपचुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं ने बूथ-बूथ पर अनथक परिश्रम किया है। भाजपा की यह विजय हमारे शीर्ष नेतृत्व की रणनीति, संगठन-तंत्र की शक्ति और बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। भाजपा सरकार अमरवाड़ा के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण के लिए सदैव संकल्पित है। यह विजय भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत के साथ जनता के संकल्प की जीत है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।

अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह विधिवत निर्वाचित घोषित

# कमलेश प्रताप शाह ने 3027 मतों से कांग्रेस के धीरन शाह को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा उप चुनाव के तहत छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा (अजजा) की मतगणना शनिवार को शासकीय पीजी कॉलेज छिन्दवाड़ा में संपन्न हुई। मतगणना के बाद अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन के निर्वाचन परिणाम की राउंडवार और अंतिम घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे ने की। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के साथ रिटर्निंग ऑफिसर ने विजयी अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के कमलेश प्रताप शाह को विधिवत निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाण पत्र-सौंपा।

विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा में नोटा सहित 10 अभ्यर्थी मैदान में थे। इनमें भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह को कुल 83105 मत प्राप्त हुए और वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 3027 मतों से विजयी रहे। इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी धीरन शाह सुखरामदास इनवाती को 80078, अहिंसा समाज पार्टी के अभ्यर्थी चन्द्रदीप तेकाम (पत्रकार) को 2268, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी देवीराम उर्फ देवरावेन भलावी को 28723 वोट प्राप्त हुए। जनसेवा गोंडवाना पार्टी के अभ्यर्थी एडव्होकेट राजकुमार सरयाम को 749, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी की अभ्यर्थी सुश्री रीता मरकाम को 594, निर्दलीय अभ्यर्थी अतुल राजा उईके को 2232, निर्दलीय अभ्यर्थी पवन शाह सरयाम को 809, निर्दलीय अभ्यर्थी शोभाराम भलावी को 1530 और नोटा को 3403 मत प्राप्त हुए।

कई लोग साथ आए

# पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू

**भोपाल।** स्वतंत्र बुंदेलखंड-सफल बुंदेलखंड के ध्येय के साथ कार्य कर रहे क्षेत्र के एक भरोसेमंद डिजिटल प्लेटफार्म ने पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर एक विशेष '5 लाख हस्ताक्षर' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य बुंदेलखंड क्षेत्र की जनता की मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत चैनल ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से हस्ताक्षर एकत्रित करने की व्यवस्था की है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम का हिस्सा बन सकें। अभियान को लेकर अतुल मलिकराम ने कहा, बुंदेलखंड के लोगों की लंबित मांगों और समस्याओं को देखते हुए हमने इस अभियान की शुरुआत की है। पृथक राज्य की मांग जनता की आवाज है और हम इसे केंद्र सरकार तक पहुंचाने प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, इस अभियान के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि बुंदेलखंड की जनता अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर गंभीर है और उनके हक के लिए हम हर संभव प्रयास करने के लिए हमेशा तत्पर हैं।

## खबर संक्षेप



### ट्रक चालक ने बोलेरो वाहन को मारी टक्कर

**कटनी।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मालवाहक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना कारित करने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने लगा जिसे राहगीरो द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार एन एच 30 मार्ग पर ट्रक चालक ने बुलेरो पिकअप वाहन को मारी जोरदार टक्कर दी जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि की सूचना नही मिली। वाहन चालक व कंडक्टर शीट मे बैठे युवक को चोट आई है जिसे नागरिको ने उपचार के अस्पताल भिजवाया गया।

### 6 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** जीआरपी थाना के प्रकरण क्रमांक 94/2019 अपराध क्रमांक 348/ 2017 धारा 328, 379, 411 भादवि के मामले में 6 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी राजेश अहिरवार पिता पप्पू अहिरवार 24 वर्ष निवासी गायत्री नगर वार्ड नंबर 6 गंजबासौदा जिला विदिशा को जीआरपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रधान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर, आरक्षक अभिषेक सिंह, सलमान खांन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद नें जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों के साथ एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए है। विदित हो राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश में नागरिकों के आंतरिक आनंद की अनुभूति तथा परिपूर्ण आनंदमयी जीवन के लिए अल्पविराम कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिले में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान, कॉन्फ्रेंस रूम अथवा हॉल में किया जा सकेगा, जहाँ आपके द्वारा मूलभूत सुविधाएं यथा प्रोजेक्टर, व्हाइट बोर्ड, माईक, बैठने की व्यवस्था आदि हो। अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन जिला कटनी में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर एवं आनंदम सहयोगी द्वारा किया जावेगा। आपके विभाग संस्था में अल्प विराम सत्र के संचालन हेतु डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल काम्बले से समन्वयक स्थापित कर अपने विभाग या संस्थान के अधिकारी, कर्मचारियों के बीच अल्पविराम कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित करें।

### संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम्-योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अतिरिक्त, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार एवं संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सामान्य प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं एमडी एनएचएम को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, ऐसा परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो, जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो, परिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य, केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने हेतु पात्र हो अपात्र श्रेणी में माना जायेगा।

## जिले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात, बस को दिखाई हरी झंडी

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ मिलेगा व्यवहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में शुरूआत होने का आज का दिन कटनी के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ - साथ व्यवहारिक ज्ञान भी मिलेगा। यह बात रविवार को विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल ने शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में शुरूआत कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पियूष अग्रवाल ने किया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप लागू की गई नई शिक्षा नीति प्रावधानों से अब इस कॉलेज से युवाओं को रोजगारोन्मुखी पाठयक्रम से जुड़कर अपने भविष्य को संवारनें का अवसर मिलेगा। उन्होने इस कॉलेज से अपने आत्मिक और हार्दिक लगाव एवं यहां की गई पढ़ाई को संस्मरणों का भी याद किया। कार्यक्रम को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह और जिला योजना समिति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप मे जिले को मिली एक बड़ी सौगात बताया।



उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराए जाने हेतु भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, का शुभारंभ भी किया गया। महाविद्यालय परिसर को हरा -भरा करने हेतु विद्या वन का उद्घाटन पौधारोपण कर किया गया।

प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों में छात्र - छात्राओं हेतु बस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका भी शुभारंभ किया गया। एक्सीलेंस कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा, एक्सीलेंस कॉलेज नई शिक्षा नीति का पालन करेंगे। हिंदी ग्रंथ अकादमी प्रकोष्ठ विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध रहेगा जिसमें सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध है यहां से विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार पुस्तकें डिस्काउंट रेट पर खरीद सकेंगे। गौरतलब है कि शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन होने से महाविद्यालय में 34 शैक्षणिक पद एवं 05 तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद ,कुल 39 पद सृजित किए गए है। महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए 17 अध्यापन कक्ष, 10 नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं ई- पुस्तकालय की सुविधा,खेलकूद में रुचि रखने के वाले छात्रों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड, ग्रीन कैंपस, एवं ऑडिटोरियम इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर का पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से प्रारंभ होगा। इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय आधार पर क्रिस्प के अंतर्गत बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम एवं बीएससी मार्केटिंग एंड सेल्स (फार्मा एंड मेडीटेक) का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से शुरू कर दिया जायेग।



# 41 हजार रूपए का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। इसी दौरान सउनि. विक्रम सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बनहरा मोड यात्री प्रतीक्षालय के पास ग्राम बनहरा मे एक व्यक्ति जिसका नाम गुलाब सिंह पिता तेजीलाल राठौर 34 साल निवासी ग्राम सुनहरा थाना बडवारा जिला कटनी के कब्जे से एक प्लास्टिक के थैले में कुल 04.133 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 41,000 रूपये जप्त किया जाकर उक्त व्यक्ति के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी गुलाब सिंह पिता तेजीलाल राठौर उम्र 34 साल निवासी ग्राम सुनहरा थाना बडवारा जिला कटनी को आज न्यायालय कटनी पेश किया गया।

इस कार्रवाई में विशेष भूमिका थाना प्रभारी उनि. किशोर कुमार द्विवेदी, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. के.के. शुक्ला, प्र.आर. पवनराज, आर. गौरीशंकर, आर. शिवप्रकाश तिवारी की विशेष भूमिका रही।

## आपसी सौहार्द एवं सदभाव के पर्व मनाने की गई अपील

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन के आदेश पर विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमे नगर के सभी हिन्दू मुस्लिम भाईयो ने हिस्सा लिया तथा मुहर्रम जुलूस को लेकर आपसी चर्चा हुई। बताया गया की 17 जुलाई को मुहर्रम शहादत इमाम हुसैन एवं 72 जानिसार साथियों की याद मुस्लिम समुदाय त्योहार के रूप मे मनाते हैं।जिसमे सभी शहर के मोहल्ले से ताजिया निकलेगी और कर्बला मे ठंडी होगी। 17 जुलाई को मुहर्रम जुलूस विजयराघवगढ़ आजाद चौक से नदीपार बंजारी आदी सभी जगहो की ताजिया बंजारी मे एकत्र होगी जो बंजारी से जुलूस शांति प्रिय तरीके से नदीपार व विजयराघवगढ़ नगर का भ्रमण करते हुए आजाद चौक होते हुए थाना विजयराघवगढ़ पहुंचेगा तथा अंत मे कर्बला मे ताजिया को ठंडा किया जाएगा जुलूस का इस्तकबाल जगह जगह हिन्दू मुस्लिम भाई लंगर व पानी व्यवस्था के साथ करेगे। थाना प्रभारी ने कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी ली तदपरांत अस्वस्थ कराया की आयोजन मे कोई कमी नही छोडी जाएगी हैवी वाहनो पर रोक लगाई जाएगी तथा नगर परिषद द्वारा लाईट पानी की सुलभ व्यवस्था होगी सभी लोग पुलिस का सहयोग करे पुलिस आपका सहयोग में 24 घंटे तत्पर रहेगी।



बैठक में विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान अंजुमन कमेटी के सदर व वरिष्ठ अधिवक्ता नूर मोहम्मद सिद्धकी, रामनारायण सोनी (गुड्डा सोनी) नन्दू गुप्ता बंजारी सरपंच पति मो अल्ताब, माजीद खान,मो ईकवाल मो अरवाज विधुत लाईन मैन नाईम खान नगर परिषद से शेख राजू दिनेश गुप्ता मयंक प्रसाद मो रिजवान सोनू शर्मा आशुतोष सराफ निजाम भाई पुलिस स्टाफ अश्वनी यादव,अंजनी झा,लालू यादव,संजू कोल आदि उपस्थित रहे।

## जल देवता की पूजा कर खुशहाली की कामना



झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा गुरुनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में मनाया जा रहा झूलेलाल चालिहा महोत्सव की श्रृंखला में रविवार को विविध धार्मिक आयोजन हुए। सुबह 9 बजे से कटायेघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन अखों – पल्लव, आरती व दीपदान का आयोजन किया गया। उपस्थित भारी जन समूह के बीच धर्ममय अद्भुत नजारा दिखा। जल देवता से देश की खुशहाली व भरपूर बारिश की कामना की गई। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर नदी के पावन तट में जमकर भजनों की लहरियां व भगवान वरुण देव के जयकारे गूंजे। बड़ी संख्या में सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस मोके पर त्रिलोकचंद भोजवानी, महेश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, गोविंद सचदेवा, गिरधारी लाल पोपटानी मनोहरलाल बजाज आदि की उपस्थिति रही।



# जेके व्हाइट ने बांटे एक हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत जे के व्हाइट सीमेंट रुपोंद (कटनी) के यूनिट हेड आशीष आसोपा के मार्गदर्शन में ग्राम भगनवारा, बछौली,बम्हनगवां में जन जन के मध्य जाकर डोर टू डोर फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्राम भगनवारा में ग्राम सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी एवम ग्राम के गणमान्य जनों की उपस्थिति में फलदार पौधे आम,कटहल, जामुन के पौधे वितरित किये गए।

भगनवारा ग्राम सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी ने ग्राम में स्कूल में शौचालय बनवाने व ग्राम में स्ट्रीट लाइट लगवाने की बात की जिसे कम्पनी प्रवंधन के द्वारा पूरा करने का आश्वाशन दिया गया। ग्राम के गणमान्य व्यक्ति औसर लाल असाटी ने जे के व्हाइट सीमेंट कम्पनी कटनी के द्वारा किये जा रहे जन हितैषी कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में सहयोग करने में कम्पनी प्रवंधन द्वारा सराहनीय योगदान प्रदान किया जा रहा है। कम्पनी के जन सम्पर्क अधिकारी हिमांशु पटसारिया ने बताया कि फलदार पौधे वितरण करने से लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। कम्पनी सामाजिक कार्यों में सहयोग करने के प्रति सदैव ततपरता पूर्वक कार्य कार्य कर रही है यह कार्य निरन्तर जारी रहेगा। इस दौरान कम्पनी के प्रवन्धक आशीष आसोपा, जन सम्पर्क अधिकारी हिमांशु पटसारिया, खनन अधिकारी चरण स्वामी, मानव संसाधन अधिकारी प्रवीण सिंह, सुरक्षा अधिकारी प्रदीप शेखावत एवम

## बिजली गर्जन सुनाई देने पर आधे घंटे तक सुरक्षित स्थान में रहें

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाने जारी किये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आकाशीय बिजली से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें।

विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक पौधा मां के नाम अभियान का स्काउट गाइड ने किया शुभारंभ

# जाग्रति पार्क में दो सैकड़ा पौधों का किया गया रोपण, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट गाइड मप्र जिला संघ कटनी के तत्वावधान में जागृति संस्था के सहयोग से माननीय कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट पी.पी सिंह के सफल मार्गदर्शन में जिला स्तर पर क्लैप प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जागृति पार्क कटनी में 200 से अधिक स्काउट गाइड यूनिट लीडर की उपस्थिति में प्रारंभ किया।

इस अवसर पर सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर एवं जागृति संस्था के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों स्काउट गाइड दलो से आवाहन किया है कि प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड द्वारा अपने माता के नाम पर एक पौधा का अवश्य रोपण करें एवं जब तक संस्था में रहे तब तक उसकी देखरेख करने का संकल्प लें।

स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए जागृति संस्था की अध्यक्ष परम सम्माननीय श्रीमति उमा निगम जी द्वारा सभी को बताया कि जागृति पार्क के थर्ड एरिया को 5 वर्ष पूर्ण हुए हैं जिसमें स्काउट गाइड द्वारा अपनी सेवाएं लगातार 5 वर्षों से प्रदान की जाती रही है और पौधारोपण हो या संरक्षण या फिर पार्क को स्वच्छ बनाने में स्काउट गाइड द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई है स्काउट गाइड संस्था समाज में सुनागरिक बनाने के कार्य साथ-साथ क्लाइमेट चेंज मेकर तैयार कर रही है जो क्लाइमेट के प्रतिएक जिम्मेदार सी के रूप में कार्य कर रहे हैं और समाज को जागरूक कर रहे हैं।



इस अवसर पर पर्यावरण संधारण समिति के सचिव पंजवानी ने पर्यावरण संधारण समिति के सदस्य नीरज लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में जागृति संस्था एवं पर्यावरण संधारण समिति सहित जागृति संस्था सदस्य सहितशासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कटनी शासकीय सी एम राइस हायर सेकेंडरी स्कूल कटनी बाटसले अंग्रेजी मीडियम बाटसले हिंदी मीडियम सेंट पाल उमावि सिविल लाइन सेंट पॉल उमावि झिंगरी कटनी पब्लिक स्कूल यू एस मेमोरियल स्कूल शिवाजी ओपन रोवर रानी दुर्गावती ओपन रेंजर टीम के 200 से अधिक स्काउट गाइड सामिल हुए और वृहद वृक्षारोपण को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कीकार्यक्रम का संचालन निर्मला बनर्जी, शुभम उरमालिया द्वारा किया गया।



# हादसों से बचाने पशुओं को घर में बांध कर रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से धान की बोनी प्रारंभ हो चुकी है। राजमार्गों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में आवारा (निराश्रित) गौवंशज पशु विचरण करते देखे जा रहे हैं। उक्त पशुओं का जहां एक ओर सड़क दुर्घटना से मृत्यु होते देखे जा रहे हैं, वहीं फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों से एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनपद पंचायत अधीनस्थ राजमार्गों से आवारा गौवंशजों को नजदीकी गौशालाओं मे प्रतिस्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशुओं में 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत कर लिए जाएंगे। पशुपालक द्वारा पशु वापस मांगे जाने पर निर्धारित अर्थदण्ड की वसूली किए जाने पर ही पशुपालक को पशु वापस किए जा सकेंगे।

जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. आर.के.सिंह ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को घर में बांध के रखें, अन्यथा गौशालाओं में प्रतिस्थापित किए जाने पर पशु गौशाला की मानी जायेगी। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2024-25 गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें गौशाला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया है कि राज्यमार्गों पर दुर्घटना में घायल गौवंश को प्राथमिक उपचार हेतु पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित चलित पशुचिकित्सा इकाई के टोल फ्री कॉल सेन्टर नंबर 1962 का किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग कर चिकित्सा दल को बुलाया जा सकता है।

*पेंसिल्वेनिया। अमेरिका में प्रेसिडेंशियल इलेक्शन कैंपेन में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर शनिवार को जानलेवा हमला हुआ। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं। पेंसिल्वेनिया में आयोजित ट्रम्प की चुनावी रैली में एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की, जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प घायल हो गए, एक गोली उनके दाएं कान को छूकर निकल गई। रैली के मंच पर ट्रम्प के कान और चेहरे पर खून नजर आया। इस हमले ने दुनिया के महाशक्ति देश में राजनीतिक हिंसा की चिंताओं को बढ़ा दिया है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति बिडेन पर भी हमले की कोशिश हो चुकी है। ज्ञात हो कि यूएस में अब तक कई प्रेसिडेंट्स और कैंडिडेट्स पर हमले हुए, हत्या या हत्या की कोशिश की गई। यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से पहले तनाव बढ़ा सकता है। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी ने बताया कि रैली में हमलावर समेत दो लोग मारे गए और दो जख्मी हैं।*

# अमेरिका में लिंकन, केनेडी समेत 4 राष्ट्रपतियों की हुई हत्या, ट्रम्प से पहले नेताओं पर हो चुके 15 बार अटैक

### राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन बने पहला शिकार

अमेरिका में राष्ट्रपति की हत्या का पहला सफल मामला 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का है, जिन्हें अप्रैल 1865 में निशाना बनाया गया। गृहयुद्ध खत्म होने के बाद वाशिंगटन डी.सी. के फोर्ड थिएटर में एक प्रस्तुति के दौरान नाटक के अभिनेता और जॉन विल्क्स बूथ ने अब्राहम लिंकन के सिर में गोली मारी। गोली लगने के 12 घंटे के भीतर ही लिंकन ने दम तोड़ दिया। हत्यारा उस समय घटनास्थल से भागने में सफल तो हो गया लेकिन उसे वर्जीनिया में पकड़ लिया गया।



**विलियम मैकिनले बने तीसरा शिकार** : अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को उनके दूसरे कार्यकाल के छह महीने बाद सितंबर 1901 में निशाना बनाया गया। एक पब्लिक एग्जिबिशन में लोगों से मिलते समय विलियम मैकिनले को गोली मारी गई। एक सप्ताह बाद ही उनकी मौत हो गई।

### जेम्स गारफील्ड पर किया वार

अमेरिका के 20वें राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड को साल 1881 में वाशिंगटन डी.सी. के एक रेलवे स्टेशन पर गोली मारी गई। गोली लगने से वो बुरी तरह घायल हो गए। कुछ महीनों बाद उनकी न्यू जर्सी में मौत हो गई। रिपोर्ट्स की मानें तो जेम्स गारफील्ड को उनके ही एक पूर्व समर्थक चार्ल्स गुइटो ने गोली मारी। गुइटो की नाराजगी का कारण गारफील्ड के प्रशासन में नौकरी नहीं मिलने को बताया जाता है। बाद में गुइटो को फांसी दे दी गई।

### जॉन एफ. कैनेडी की हत्या


*अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी को साल 1963 एक पूर्व नौसैनिक ली हार्वे ओसवाल्ड ने गोली मारी। नवंबर 1963 में डलास में एक पब्लिक कार रैली के वक्त ओसवाल्ड ने कार में सवार कैनेडी को छठी मंजिल से निशाना बनाया। सोवियत समर्थक ओसवाल्ड को हमले के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किया गया।*

### पिछले 9 राष्ट्रपति में 7 पर हो चुके अटैक

*पिछले 9 राष्ट्रपति में से कम से कम 7 पर अटैक, हमले या हत्या की कोशिश हुई। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, हमले में बचने वाले राष्ट्रपतियों में गेराल्ड आर. फोर्ड (1975 में दो बार), रोनाल्ड डब्ल्यू. रीगन (1981 में जानलेवा गोलीबारी), बिल क्लिंटन (1994 में व्हाइट हाउस पर गोलीबारी हुई), और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2005 में हमलावर ने ग्रेनेड फेंका जो फटा नहीं) शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति बिडेन पर भी हमले की कोशिश हो चुकी है।*

## खबर संक्षेप

### ताजमहल के ऊपर मंडराया ड्रोन, जांच करेगी समिति



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील ताजमहल के ऊपर एक ड्रोन के उड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। ताजमहल के 500 मीटर के आसपास का इलाका उड़ान निषिद्ध क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) है। वीडियो रविवार सुबह छह बजे का बताया जा रहा है। इस मामले की जांच करने के लिए ताजमहल की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है।

### हर की पौड़ी में बस पुल से गिरी, 28 लोग घायल

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में हरकी पौड़ी के पास रविवार को एक बस के पुल से नीचे गिरने से 28 से अधिक यात्री घायल हो गए। रोड़ी बेलवाला पुलिस चौकी के प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से चार की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि देहरादून से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की मुरादाबाद डिपो की एक बस यहां दीनदयाल पार्किंग के पास पुल से नीचे गिर गई। बस के गिरने से पार्किंग में खड़ी कुछ कारें भी क्षतिग्रस्त हो गयीं। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया।

### केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनकः आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को आरोप लगाया कि न्यायिक हिरासत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को 'गंभीर' खतरा है। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमेह से पीड़ित केजरीवाल का शुगर लेवल खतरनाक रूप से कम हो गया है। आतिशी ने कहा, ''भाजपा ने केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालने की साजिश रची। उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है।

### बिहार में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, 7 घायल

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले के पेटभरी गांव के निकट रविवार को एक जीप और ट्रक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें दो बच्चों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य जख्मी हो गए। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ और मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। घटना में हताहत हुए लोग जीप में सवार थे। पुलिस के एक बयान में कहा गया, "दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी सात घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।" उन्होंने बताया कि दुर्घटना में जीप के चालक की भी मौत हो गई।

देश के कई हिस्सों में आफत बना पानी, बाढ़ व आसमानी बिजली बरपा रही कहर

# उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक बारिश का तांडव, अब तक 205 की मौत

*देश के कई राज्यों में इन दिनों बारिश आफत बनकर बरस रही है। बारिश के कारण असम, बिहार, यूपी सहित कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बारिश, बाढ व आसमानी बिजली गिरने सहित अन्य कारणों से अब तक 205 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में अगले 24 घंटों के दौरान, कोंकण और गोवा, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल में मध्यम से भारी बारिश संभव है। वहीं उत्तराखंड, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। तटीय कर्नाटक, केरल, कोंकण और गोवा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है और करीब 20 सेमी बारिश होने की संभावना जताई गई है. वहीं दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होने की उम्मीद और कोई भी अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### उत्तराखंड से कर्नाटक बरसेंगे बादल

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान, कोंकण और गोवा, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल में मध्यम से भारी बारिश संभव है। वहीं उत्तराखंड, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।



### इन राज्यों में हल्की व मध्यम बारिश

लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मराठवाड़ा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. लद्दाख, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल के गंगीय क्षेत्र, सौराष्ट्र और कच्छ, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, राजस्थान और दिल्ली में हल्की बारिश संभव है।

**बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में**

नेपाल से सटे बिहार और यूपी के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बिहार के बगहा में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। 7 नदियां (घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी) खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है।

**यूपी में 20 लाख लोग प्रभावित**

उधर, यूपी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर की है। यहां 20 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इटावा में कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। यहां रविवार 14 जुलाई को रोडवेज बस आधी डूब गई है। 2 घंटे तक यात्री बस में फंसे रहे। बाद में बस को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

### असम, बंगाल में बाढ़ जैसे हालात, नदियां उफान पर

असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. वहीं पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र के कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत कई स्थानों पर कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। असम में 29 जिले भीषण बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई वहीं लगभग 24 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

**हरिद्वार में आवाजाही पुल क्षतिग्रस्त**

दो दिन तक हुई तेज बारिश से हरिद्वार में पथरी रौह नदी पर बना रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है। सुकरासा गांव के पास बना ये रपटा दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ता है। खतरे को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने पुल के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 6 साल से पथरी रौह नदी पर बना ये सुकरासा पुल क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है।

**बादल फटने से खेत तबाह**

उत्तरकाशी के आराकोट बंगाण क्षेत्र की ग्रामपंचायत सरास के ग्राम सल्ला में दो दिन पहले मध्य रात्रि को बाढ़ और बादल फटने के कारण खेती की जमीन को बड़ा नुकसान हुआ है। गांव में मत्स्य विभाग द्वारा बनवाया गया मछली पालन तालाब और पेयजल विभाग द्वारा बनवाई गई पानी की लाइन भी तबाह हो गई है।

# कांग्रेस ने गौरव गोगोई को बनाया डिप्टी लीडर के.सुरेश को दिया अहम पद

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

लोकसभा में कांग्रेस पार्टी ने इस बार सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष की कुर्सी देकर एक बड़ा दांव चला है। अब पार्टी ने यह राहुल गांधी के दोस्त और असम से आने वाले सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया है। इतना ही नहीं, केरल से आने वाले जिन के. सुरेश को पार्टी ने प्रोटेम स्पीकर से लेकर स्पीकर चुनाव तक में आगे किया था, उन्हें ही लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप भी नियुक्त कर दिया है।

दरअसल, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव और लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा के नेताओं की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी है।



**सुरेश-टैगौर व जावेद को मिली जिम्मेदारी**

सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कांग्रेस के उपनेता के तौर पर गौरव गोगोई के नाम पर मुहर लगाई है। इसके अलावा सांसद के. सुरेश को चीफ व्हिप नियुक्त किया है। पार्टी ने इसके अलावा अन्य दो व्हिप के लिए सांसद मणिकम टैगोर और मोहम्मद जावेद को नियुक्त किया है।

**कौन है गौरव गोगोई**

बता दें कि गौरव गोगोई असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई के बेटे हैं और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की युवा टीम के अहम सदस्य माने जाते हैं। गौरव गोगोई असम की जोरहाट सीट से लोकसभा सांसद हैं। गौरव गोगोई कई बार कांग्रेस की तरफ से संसद में पार्टी की तरफ से बहसों में शामिल होते हैं।

**कौन हैं के. सुरेश**



लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के चीफ व्हिप नियुक्त किए गए के. सुरेश केरल की मावेलिक्कारा लोकसभा सीट से 2024 का चुनाव जीत कर संसद पहुंचे हैं। लोकसभा स्पीकर के पद के लिए हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर भी के.सुरेश का नाम आगे किया था।

# बसपा प्रदेशाध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या का एक आरोपी का एनकाउंटर

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तमिलनाडु पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार रात को एक मुठभेड़ में हत्या में शामिल आरोपियों में एक को मार गिराया है। पुलिस ने उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। इसी तरह अब अन्य आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है। बता दें कि आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। पुलिस ने इस मामले में 11 संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया है जिनसे पूछताछ जारी है।



**माधवरम के पास हुई थी मुठभेड़**

पुलिस ने बताया कि मृतक आरोपी हिस्ट्रीशीटर थिरुवेंगदम है। वह ऑर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल था। पुलिस को रात को उसके माधवरम में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इसको देखकर थिरुवेंगदम और उसके साथियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से थिरुवेंगदम की मौत हो गई।

**5 जुलाई को हुई थी आर्मस्ट्रांग की हत्या**

बता दें कि 5 जुलाई की शाम करीब 7 आर्मस्ट्रांग चेन्नई स्थित सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल मार्ग पर अपने दोस्त से बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान 2 बाइक पर सवार 6 लोग आए और उन पर चाकू-तलवारों से हमला कर भाग गए। लोगों ने आर्मस्ट्रांग गंभीर हालत में अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि 6 में से 4 हमलावरों ने फूड डिलीवरी कंपनी की टीशर्ट पहन रखी थी।

चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से होगी प्रारंभ

# नड्डा की जगह भाजपा को दिसंबर में मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

भाजपा को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो गया है। हालांकि, उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नतीजतन, भाजपा अब नए अध्यक्ष की तलाश में है। भाजपा का लक्ष्य इस साल दिसंबर तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करना है। जिसके लिए अब हलचल तेज हो गई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 1 अगस्त से प्रारंभ होगी। तमाम प्रक्रियाओं के बाद 1 दिसंबर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होगी।

**नड्डा को सौंपी गईं हैं ये भी जिम्मेदारियां**



गौरतलब है कि नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया है। नड्डा गुजरात से राज्यसभा सांसद चुने गए और 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद मोदी 3.0 कैबिनेट में स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक विभाग संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष का ये आगामी चुनाव भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयारी कर रही है।

**सदस्यता अभियान से प्रारंभ होगी प्रक्रिया**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला और राज्य इकाइयों को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।

**1 दिसंबर से शुरू होगा प्रदेश अध्यक्षों का चयन**

भाजपा के सूत्रों से पता चलता है कि मंडल और जिला अध्यक्ष चुनाव के बाद राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। इन चुनावों के बाद ही प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी।

**अध्यक्ष पद की रेस में कौन-कौन हैं?**

अध्यक्ष पद के लिए अमित शाह के करीबी अन्य पिछड़ा वर्ग के विनोद तावड़े का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। महाराष्ट्र से आने वाले तावड़े राज्य स्तर पर मंत्री रह चुके हैं। भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष भी अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। एक और नाम पीएम मोदी के करीबी राजस्थान से ओम प्रकाश माथुर का है। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रभारी नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा चर्चाएं हैं कि भाजपा किसी महिला को अध्यक्ष बनाकर चौंका सकती है।

अपने आप हो जाएगा लॉक लेकिन नहीं होगा बंद

# अब चोर नहीं छीन कर भाग पाएगा फोन गूगल ला रहा थेफ्ट डिटेक्शन लॉक फीचर

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

फोन चोरी या लूट होने की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। फोन कर रहे किसी का बाइक से फोन छीनकर भाग जाना, चोरी होना, या चलती ट्रेन में से हाथ मारकर फोन छीन लेना जैसी घटनाएं होती रहती हैं। बाइक या घरों में होने वाली चोरी पर पुलिस अधिकतर मामलों में चोर और सामान दोनों को पकड़ लेती है लेकिन फोन चोरी होने पर ज्यादातर फोन न मिलता है और न ही चोर। ऐसी घटनाओं ध्यान में रखकर गूगल स्मार्टफोन में जल्द ही एक नया फीचर थेफ्ट डिटेक्शन लॉक लाने वाला है जिसके जरिए अगर कोई आपका फोन छीनकर भागा या चोरी कर लिया तो फोन अपने आप लॉक हो और बंद नहीं होगा जिससे लोकेशन के आधार पर चोर पकड़ने में आसानी होगी।



*गूगल एंड्रॉयड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम को करेगा अपडेट*

फोन चोरी या झपटमारी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए गूगल ने हाल ही में एंड्रॉयड 15 ओएस लॉन्च किया था। जिसे फिलहाल सेमसंग के फोन के लिए रोल आउट किया गया है। इस ऑपरेटिंग सिस्टम के यूजर्स को कई बेहतरीन फीचर्स मिलने वाले हैं लेकिन अब गूगल एंड्रॉयड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम का एक अपडेट वर्जन पेश करने जा रही है जिसमें थेफ्ट डिटेक्शन लॉक फीचर मिलेगा।

**कैसे काम करेगा ये नया फीचर?**

गूगल ने इस फीचर को मोशन सेंसर के आधार पर डेवलप किया है, जैसे कि मान लीजिए अगर कोई आपका फ़ोन एक झटके में आपके हाथ से छीन ले या फिर टेबल से उठा ले तो यह फीचर खुद ही फोन की स्क्रीन लॉक कर देगा। इतना ही नहीं अगर किसी ने इंटरनेट को बंद करने की भी कोशिश की तब भी फ़ोन लॉक हो जाएगा, क्योंकि चोर की सबसे पहली कोशिश फ़ोन का इंटरनेट बंद करने की होती है, क्योंकि गूगल के ही फाइंड माय डिवाइस वाले फीचर से कहीं वो फोन ट्रैक न हो जाए।

**गूगल ने कई प्राइवेसी फीचर्स भी किए लॉन्च**

अब फोन आपका फोन आसानी से ट्रेस हो जाएगा क्योंकि चोर फोन को बंद नहीं कर पाएगा। गूगल ने इसी के साथ कई नए प्राइवेसी फीचर्स भी लॉन्च किए हैं जैसे 'प्राइवेट स्पेसेस यहां यूजर्स कुछ एप्स पर पासवर्ड लगाकर अपने डेटा को ज्यादा सुरक्षित रख पाएंगे। इसी के साथ फोन रिसेट करते समय पिन का इस्तेमाल करना पड़ेगा। स्क्रीन शेयर करते समय अब आपको ओटीपी जैसी कोई जानकारी नहीं दिखेगी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध

# मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता मंजूर नहीं...पर्सनल लॉ बोर्ड का बागी रुख



एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को अपने आदेश में कहा था कि मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना अन्य धर्म की महिलाओं को है। तलाक के बाद मुस्लिम महिलाएं भी गुजारा भत्ता पाने के लिए याचिका दायर कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के विरोध में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की वर्किंग कमेटी की बैठक रविवार को दिल्ली में हुई। इस वर्किंग कमेटी में 51 सदस्य हैं जिसमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। इस बैठक में 8 प्रस्ताव पास किए गए। कमेटी ने कहा कि कोर्ट का फैसला शरीयत से अलग है और मुसलमान शरीयत से अलग नहीं सोच सकता है। हम शरीयत के पाबंद हैं। हम इससे अलग नहीं सोच सकते हैं।

**संविधान का दिया हवाला**

पर्सनल लॉ बोर्ड वर्किंग कमेटी ने कहा कि संविधान हमें हक देता है कि हम अपने धार्मिक भावनाओं और मान्यताओं के हिसाब से जी सकते हैं। उत्तराखंड यूसीसी पर बोर्ड ने कहा कि यह सांस्कृतिक विरासत खत्म करने की साजिश है और इसे हम अदालत में चुनौती देंगे।

# दालों की महंगाई हुई कम, तुअर दाल में आई 600 रुपए क्विंटल की गिरावट

## किसानों का प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू होने और दलहनों का रकबा बढ़ने का असर

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

बुआई शुरू होने से पहले केंद्र सरकार के निर्देश पर एमएसपी पर उपज खरीदने के लिए नाफेड और एनसीसीएफ की ओर से किसानों का प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू किए जाने और दलहन फसलों की बुआई अच्छी होने के खबर से अरहर और उड़द, मूंग सहित सभी दालों में महंगाई कम हुई है। दालों के भाव में 200 से 600 रुपए क्विंटल तक की कमी आई है।

थोक किराना बाजार हनुमानगंज स्थित चावल-दाल कारोबारी ईश्वरदास संगतानी ने बताया कि बीते सप्ताह भर से दालों के भाव में मंदी का माहौल बना हुआ है। तुअर दाल के भाव 600 रुपए, उड़द दाल में 300 रुपए, मूंग दाल में 200 रुपए और चना दाल में 300 रुपए क्विंटल की कमी दर्ज हुई है।



संगतानी के अनुसार स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज में गुरूवार को तुअर दाल 15800 से 17000 रुपए क्विंटल, मसूर दाल 7450 से 7750 रुपए, उड़द छिलका 11000 से 11500 रुपए, उड़द धुली 11500 से 13000 रुपए मूंग धुली 10400 से 11200 रुपए, मूंग छिलका 9200 से 10,000 रुपए और चना दाल 8000 रुपए से 8500 रुपए क्विंटल के भाव बोली गई है। संगतानी के अनुसार करीब महीने भर में खड़ी उड़द का थोक भाव 103-104 रुपए किलो से घटकर 99 रुपए किलो के करीब आ गया है। खड़ी अरहर का भाव 117-118 रुपए से घटकर 113-114 रुपए पर आ चुका है। भाव लगभग स्टेबल ही हैं, लेकिन रुझान नरमी का बन रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे उड़द के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अच्छी फसल की उम्मीद है। उड़द का बुआई रकबा 5.37 लाख हेक्टेयर के पार पहुंच चुका है। नाफेड और एनसीसीएफ की ओर से किसानों का प्री-रजिस्ट्रेशन कराने और अच्छी बुआई से बने माहौल के चलते कीमतों में नरमी आने लगी है।

### किसानों का मनोबल बढ़ने की उम्मीद



सरकार के सक्रिय कदम उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को स्थिर करने और किसानों के लिए अनुकूल मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम रहे हैं। अच्छी बारिश की उम्मीद से किसानों का मनोबल बढ़ने की उम्मीद है। इससे मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उड़द उत्पादक राज्यों में उड़द की अच्छी फसल होने की संभावना है। खरीफ बुवाई सत्र से पहले नैफेड और एनसीसीएफ जैसी सरकारी एजेंसियों के जरिये किसानों के पूर्व-पंजीकरण में उल्लेखनीय तेजी आई है।

## टैक्सपेयर्स ने की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग

# आयकर विभाग की फाइलिंग पोर्टल स्लो और ग्लिचेज होने की शिकायत

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख (31 जुलाई ) नजदीक आ रही है। अब टैक्सपेयर्स के पास इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए सिर्फ 15 दिनों का ही समय बचा हुआ है। हालांकि जैसे-जैसे रिटर्न भरने की डेडलाइन नजदीक आ रही है, टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के फाइलिंग पोर्टल पर परेशानियां होने लगी हैं। टैक्सपेयर सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों के बारे में बता रहे हैं और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### धीरे खुल रहा है फाइलिंग पोर्टल

एक टैक्सपेयर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपडेट किया। आईटीआर फाइल करने में इनकम टैक्स पोर्टल काफी स्लो काम कर रहा है। ऐसे में तो आईटीआर फाइल करने में साल भर का समय लग जाएगा। पोर्टल बहुत स्लो है और बहुत दिक्कतें आ रही हैं।

### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का रिप्लाई




इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने यूजर की परेशानी का संज्ञान लेते हुए रिप्लाई किया और ब्राउजर कैश को क्लियर करने की सलाह दी। डिपार्टमेंट ने रिप्लाइ किया। ब्राउजर कैश को क्लियर करने के बाद फिर से ट्राई करें। उसके बाद भी दिक्कतें आ रही हों तो कृपया अपने डिटेल शेयर करें।

### - सैंकड़ों यूजर कर रहे हैं शिकायत

दरअसल एक्स पर सैकड़ों यूजर पोर्टल के स्लो होने और उसमें ग्लिचेज की बात कर रहे हैं। कुछ यूजर लिख रहे हैं कि वे पिछले 3-4 दिनों से लगातार प्रयास कर रहे हैं और हर बार उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
कई बार ऐसा हो रहा है कि रिटर्न फाइल करते-करते सेशन एक्सपायर हो जा रहा है। एक ही रिटर्न फाइल करने में टैक्सपेयर्स को कई-कई बार लॉग इन करना पड़ जा रहा है।

### डेडलाइन बढ़ने की न पालें उम्मीद

पिछले कुछ सालों के रिकॉर्ड देखें तो इस बात की उम्मीद कम ही लगती है कि इनकम टैक्स रिटर्न भरने की डेडलाइन आगे बढ़ाई जाएगी। ऐसे में टैक्सपेयर्स को सलाह दी जाती है कि वे डेडलाइन के बढ़ने का इंतजार न करें। जैसे-जैसे डेडलाइन और करीब आएगी, पोर्टल पर परेशानियां बढ़ेंगी। टैक्सपेयर अपना रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया पूरी कर लें। 31 जुलाई की डेडलाइन पार होने के बाद अनावश्यक जुर्माना भरना पड़ सकता है।


## मंडी में 23 हजार रु. क्विंटल के भाव नीलाम हुआ लहसुन

**भोपाल** राजधानी के करोंद स्थति थोक सब्जी मंडी प्रांगण में शुक्रवार को लहसुन 13 हजार रुपए क्विंटल के भाव निलाम हुआ। लहसुन के अच्छे दाम मिलने में किसान खुश हुआ।

मंडी प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने बताया कि सब्जी मंडी प्रांगण के लहसुन यॉर्ड में खजूरी क्षेत्र के किसान जमुना प्रसाद द्वारा 2 क्विंटल लहसुन बिक्री के लाया गया है। जिसकी नीलामी हुई और मंडी के लहसुन व्यापारी मोहम्मद यूसुफ ने सबसे ऊंची बोली 23 हजार रुपए क्विंटल के भाव की लगाई। गौरतलब है कि लहसुन की मांग अधिक होने से दामों में लगातार उछाल आ रहा है। लहसुन के दाम अच्छे मिलने से किसान भी खुश हैं। किसानों का कहना है कि अब लहसुन के दामों से लागत भी निकल रही है और लाभ भी मिल रहा है।

## पैटन-हेलियोवारा बने युगल चैंपियन

**लंदन।** हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।



## विंबलडन सिनियाकोवा-टाउनसेंड ने जीता खिताब

**लंदन।** कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार रात को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के विंबलडन एकल खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्रॉफी जोड़ी। चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने हमवतन क्रेजिकोवा के साथ मिलकर सात ग्रैंडस्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता था। टाउनसेंड के साथ यह उनका पहला खिताब है। टाउनसेंड का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।



अब मसालों में लगा तेजी का तड़का

# चने की दाल के बाद जीरा और हल्दी के भी बढ़े भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

बारिश का मौसम में हरी सब्जी जहां महंगी बिक रही है तो दालों में भाव ऊंचे हैं। लेकिन अब लोगों के किचन का बजट बिगडऩे लगा है। क्योकि विक्रेताओं का मानना हैं आने वाले समय में मसाला आयटम हल्दी,जीरा, धनिया और लालमिर्ची के दाम में तेजी का तड़का लगेगा। स्थानीय मसाला कारोबारी अनिल कुकरेजा के अनुसार फिलहाल जीरा, धनिया, हल्दी और लालमिर्ची के दाम स्थिर है। स्थानीय थोक बाजार में जीरा 300 से 320 रुपए किलो, धनिया 90 से 100 रुपए, लालमिर्ची 150 से 200 रुपए और हल्दी के भाव 150 से 200 रुपए



किलो है। जबकि फुटकर में भाव 15 से 20 फीसदी तक ऊंचे हैं। कुकरेजा ने बताया कि कि इस बार हल्दी की पैदावार कम हुई है। इसकी वजह से हल्दी आने वाले दिनों में बढ़ेगी। पिछले साल थोक मार्केट में हल्दी की कीमत करीब 80 रुपए प्रति किलो थी, लेकिन इस समय इसकी कीमत थोक बाजार में 150 से 200 रुपए तक पहुंच गई है। इन दिनों जीरे का रेट भी बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही जीरा के रेट में 20 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई। कारोबारियों का कहना है कि हर साल जुलाई और अगस्त में चने के रेट बढ़ते हैं। दरअसल चने की फसल हर साल मार्च और अप्रैल में कटती है। उस समय नई फसल आने से शुरुआत में इसका भाव कम होता है, लेकिन बाद में धीरे-धीरे यह चढऩे लगता है। स्थानीय थोक बाजार में चना दाल क्वालिटीनुसार 80 से 90 रुपए किलो है तो अरहर की दाल की कीमत क्वालिटीनुसार 180 से 200 रुपए प्रति किलो है। अच्छे किस्म की अरहर दाल सवा दो सौ रुपए किलो बिक रही है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी मे दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (विशेषकर रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# मर्सिडीज बेंज की भारत में ईवी वाहन असेंबल करने की योजना

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज न केवल लागत लाभ हासिल करने बल्कि शून्य उत्सर्जन वाले परिवहन और कार्बन निरपेक्षता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है। कंपनी मांग के आधार पर अन्य मॉडल के स्थानीयकरण पर भी विचार कर रही है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, 'हमारा अंतिम लक्ष्य शून्य उत्सर्जन वाला परिवहन और कार्बन निरपेक्षता है। इसका मतलब न केवल ईंधन उत्सर्जन को कम करने से है, बल्कि कारों के 'पुनर्चक्रण' से भी है। हम कारों के उत्पादन से होने वाले कॉर्बन उत्सर्जन को भी कम करना चाहते हैं।' अय्यर ने आगे कहा, 'हमें इसे समग्र रूप से देखना होगा। इसलिए ईवी का उत्पादन तार्किक कदम है और हम बाजार की मांग में बदलाव के साथ उस दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।' अय्यर से भारत में स्थानीय स्तर पर ईवी को असेंबल करने की दीर्घावधि की योजनाओं के बारे में पूछा गया था। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अक्टूबर, 2022 से चाकन संयंत्र में ईक्यूएस को असेंबल करना शुरू किया था। यह भारत में बिकने वाले चार ईवी मॉडल - एसयूवी ईक्यूए, ईक्यूबी और ईक्यूई तथा सेडान ईक्यूएस - में स्थानीय स्तर पर असेंबल किया जाने वाला एकमात्र मॉडल है। इनकी कीमत 66 लाख रुपये से 1.6 करोड़ रुपये के बीच है।वाहनों को स्थानीय स्तर पर असेंबल करने के लाभ को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि स्थानीयकरण हमें कुछ लागत लाभ लाने में मदद करता है।

## राशिफल

**मेष** कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**धनु** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5572



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5571 का हल



## सूडोकु बवाल - 5583

सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5582 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

## लाइफ Style

# पूजा
## पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई



'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डेस्पिकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।



# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...




**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाभी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'



**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।

# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे



*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*

## 'सरफिरा'में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

*मुंबई। अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'




अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।

### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'



सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।

### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'




सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।

### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।

# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लडक़ी के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## खबर संक्षेप




### सनीथ, तस्नीम ने जीते वीवी नाटू खिताब

**पुणे।** कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया।

### लाहिड़ी को स्पेन में चार शॉट की बढ़त

**सोटोग्रांडे।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेलकर यहां लिव गोल्फ एंडालुसिया में चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली और इस तरह से लिव गोल्फ सीरीज में अपने पहले खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्रशर टीम के सदस्य लाहिड़ी ने दूसरे दौर के अंतिम 13 होल में छह बर्डी बनाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था। लाहिड़ी का स्कोर दूसरे दौर के बाद सात अंडर पर हैं।



### अनाहत, शौर्य ने चौथे दौर में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैम्पियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स से होगी।



### हॉकी सब जूनियर पुरुष चैंपियनशिप झांसी में

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की सब जूनियर पुरुष और महिला उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप सोमवार से झांसी में आयोजित की जाएगी, जिसका फाइनल 22 जुलाई को खेला जाएगा। पुरुष वर्ग में पूल ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू एवं कश्मीर शामिल हैं। महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा, हॉकी उत्तर प्रदेश, हॉकी पंजाब, हॉकी हिमाचल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड की टीम शामिल हैं।



टी20 : वाशिंगटन 8 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो

एजेंसी ⏭ हरारे

भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (चार विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को एक-एक विकेट मिला।

जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरुमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए।



#### दुबे बने मैच के हीरो

*मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।*

#### सैमसन की दूसरी फिफ्टी

संजू सैमसन और रियान पराग के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा।

#### 1 गेंद पर ठोके 13 रन

*मैच के पहले ओवर में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा बॉलिंग करने आए। उनकी पहली बॉल पर जायसवाल ने सिक्स लगा दिया। ये नो बॉल थी। इसके बाद फ्री हिट पर जायसवाल ने फिर से सिक्स लगाया। इस तरह उन्होंने 1 बॉल पर 13 रन बनाए। इसके बाद इसी ओवर की चौथी बॉल पर रजा ने उन्हें बोल्ड कर दिया।*



#### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 05 | 0 | 2 |
| गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2 | 0 |
| अभिषेक का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1 | 1 |
| संजू का मरुमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1 | 4 |
| पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 0 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 167/6
गेंदबाजी : रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मरुमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5 | 0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 08 | 2 | 0 |
| मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4 | 1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 0 | 0 |
| कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2 | 2 |
| मावुता का एवं बो देशपांडे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 18.3 ओवर में 125/10
गेंदबाजी : मुकेश 3.3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

ऑस्ट्रेलिया दौरा

# भारत-ए की कमान संभालेंगी मीनू, सेहरावत उप कप्तान



एजेंसी ⏭ मुंबई

ऑफ स्पिनर मीनू मनि सात अगस्त से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत 'ए' महिला टीम की अगुआई करेंगी। श्वेता सेहरावत को उप कप्तान बनाया गया है।

भारत को आगामी दौरे पर ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ तीन टी20, तीन 50 ओवर के मैच और एक चार दिवसीय मैच खेलना है। टीम में साजना सजीवन, उमा छेत्री और साइका इशाक को भी जगह मिली है। शबनम शकील को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। सत्ताइस वर्षीय तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। भारत ए टीमः मीनू मनि (कप्तान), श्वेता सेहरावत, प्रिया पूनिया, शुभा सतीश, तेजल हसबनिस, किरण नवगिरे, साजना सजीवन, उमा छेत्री, शिप्रा गिरी, राघवी बिष्ट, साइका इशाक, मन्नत कश्यप, तनुजा कंवर, प्रिया मिश्रा, मेघना सिंह, सायली सतघरे, शबनम शकील और एस यशश्री।

### गायकवाड़ के इलाज के लिए एक करोड़ देगा बीसीसीआई

*मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने लंदन में कैंसर का इलाज करा रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ के उपचार के लिए एक करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है। बीसीसीआई का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने क्रिकेट बोर्ड से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने यहां जारी बयान में कहा, 'सचिव जय शाह ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है।' गायकवाड़ ने 1975 से 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले।*

# कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे



**चार्लोट।** स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।
उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा।

पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज़ ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज़ बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।


विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

# भारत बना डब्लूसीएल चैंपियन पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया।

ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।



# ओलंपिक अभियान का जश्न मनाने मैराथन का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है।'



इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी

# ओलंपिक पदक का रंग बदलने को बेताब लवलीना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के अन्य एथलीटों की तरह ही भारतीय मुक्केबाज भी पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं। इस बार देश को निकहत जरीन और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन से पदक लाने की काफी उम्मीदें हैं। भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर दारोमदार रहेगा।

मुक्केबाजी ऐसी स्पर्धा है जिसमें पिछले चार ओलंपिक में से तीन में भारत पदक लाने में सफल रहा है। ओलंपिक मुक्केबाजी में पिछले दो पदक देश की बेटियों मैरीकॉम और लवलीना बोरगोहेन ने दिलाए हैं और इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी हैं। भारत की ओर से मुक्केबाजी में सबसे पहला पदक विजेंद्र कुमार ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में जीता था। उस वक्त विजेंद्र ने पुरुष 75 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 2012 लंदन ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी को भी शामिल किया गया और दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने इतिहास रचते हुए पदक जीता। मैरीकॉम ने भी कांसा अपने नाम किया था। इसके बाद 2016 में देश को इस स्पर्धा में कोई पदक नहीं मिला, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कमाल करते हुए मुक्केबाजी में तीसरा पदक देश को दिलाया। हालांकि, उन्हें भी कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा था।



#### इनसे रहेगी पदक की आस

| मुक्केबाज | भार वर्ग |
|---|---|
| निकहत जरीन | 50 किग्रा |
| प्रीति पंवार | 54 किग्रा |
| जैस्मीन लंबोरिया | 57 किग्रा |
| लवलीना बोरगोहेन | 75 किग्रा |
| अमित पंघाल | 51 किग्रा |
| निशांत देव | 71 किग्रा |

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**
नि0सू0क्र0 / 05–07 / व.ले.लि. / का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2024 डिण्डौरी, दिनांक 08.07.2024

–:निविदा आमंत्रण सूचना :–

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई–टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत 1) Fabrication and Supply of Handpump Spare Parts. 2) Drilling of 200/150/125 mm Ø Telescopic T.W. हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश–कार्ड, ए.टी.एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 09.07.2024 को दोपहर 15.00 बजे से दिनांक 23.07.2024 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PHED _356314_1 | 05 | केन्द्रीय भण्डार गृह डिण्डौरी | Fabrication and Supply of Handpump Spare Parts in Central Store PHED Division Dindori District- Dindori | 16.395 | 32790.00 | 2000.00 | प्रथम आंत्रण |
| 2 | 2024_PHED _356315_1 | 06 | जिला डिण्डौरी | Drilling of 200/150/125 mm dia Telescopic Tube Well 150 m. Deep (50 nos.) for P.W.S.S. Scheme At various villages in Distt.- Dindori. (Group-1) | 56.88 | 56880.00 | 10000.00 | प्रथम आंत्रण |
| 3 | 2024_PHED _356316_1 | 07 | जिला डिण्डौरी | Drilling of 200/150/125 mm dia Telescopic Tube Well 150 m. Deep (50 nos.) for P.W.S.S. Scheme At various villages in Distt.- Dindori. (Group-2) | 56.88 | 56880.00 | 10000.00 | प्रथम आंत्रण |

G-13439/24 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - डिण्डौरी (म.प्र.)**
E-mail- modgmldin@mp.gov.in
पत्र क्रमांक / 163/ खनिज / 2024 डिण्डौरी दिनांक 05/07/2024
(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भीम अवधिया आ. श्री लखनलाल अवधिया निवासी वार्ड क्र. 9 नर्मदा गंज डिण्डौरी तह. व जिला डिण्डौरी (म.प्र.) द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 27.06.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 09.08.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई–खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिण्डौरी | डिण्डौरी | गणेशपुर धनगांव रैयत | 91/2 | 1.000 हे. | निजी भूमि | बोल्डर | ईआई डी 33592 |
| | | | कुल रकवा | 1.000 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

जी–13443/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। खनि अधिकारी जिला - डिण्डौरी (म. प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, जिला छिंदवाड़ा(म.प्र.)**
PHONE No. - 07162-243214 E-MAIL:- pwdpiu12cwa@gmail.com
एनआईटी नं. 11/2024/केन्द्रीकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि. छिंदवाड़ा, दिनांक- 10.07.2024
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2024_PWPIU_ 356984_1 | तह. पांढुर्णा, जिला पांढुर्णा के शास. महाविद्यालय में 06 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | पांढुर्णा | 326.28 | 326280.00 | 15000.00 | 14 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2 | 2024_PWPIU_ 356987_1 | तहसील पांढुर्णा, जिला पांढुर्णा में विश्व बैक परियोजना के अन्तर्गत शास. डिग्री महाविद्यालय मे बिस्तारिकरण नवीनीकरण एवं बैरियर फी निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | पांढुर्णा | 343.67 | 343670.00 | 15000.00 | 14 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| | योग | | | 669.95 | | | | | |

1– निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2– निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर केडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3– निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 13.07.2024 समय 09.00 से दिनांक 27.07.2024 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है
4– निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-13445/24 कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)




## उमस भरी गर्मी से जनजीवन हलाकान

# मानूसन की बेवफाई से इतरा रहा पारा

जबलपुर।

मानसून दगा दे रहा है, आ गया है लेकिन बरस नहीं रहा है। बादल छाते हैं दिनभर से निकल जाते हैं। बंगाल की खाड़ी में बनी द्रोणिक हिमालय की तराई में जा पहुंची है। मानसून की बेवफाई से पारा इतरा रहा है। रविवार का दिन उमस भरी गर्मी में बीता। पारा दिन और रात में भी औसत के करीब पहुंच गया। मौसम कार्यालय के मुताबिक मानसूनी बादल अभी बंगाल की खाड़ी में ही है फिलहाल जोरदार बारिश के आसार नहीं हैं। स्थानीय बादलों से जरुर छुटपुट वर्षा हो सकती है। मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 3 डिग्री अधिक न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 63 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय प्रात 5.34 बजे और सूर्यास्त शाम 6.59 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। पिछले 24 घंटों में 12.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 257.9 मिली मीटर (10 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी, जबकी कुल वर्षा 344.2 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी थी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे के दौरान संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर वर्षा व गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।



# सूने घर का ताला तोड़कर किए लाखों के जेवर व नगदी पार

**जबलपुर।** अधारताल और उससे लगे पनागर थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें प्रकाश में आई हैं। अधारताल में सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 4 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर और नगदी चुराकर ले गये। इसी तरह पनागर थाना अंतर्गत ग्राम बरौदा में दो घंटे के लिये जेठानी के घर दुख में बैठने गई महिला के घर का ताला तोड़कर दिनदहाड़े चोर सोने चांदी के जेवर ले गये। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमबेडकर कालोनी निवासी नवीन गुप्ता 12 जुलाई को सुबह 11 बजे रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने सिवनी गया था और अगले ही दिन दोपहर 3 बजे घर लौटा, इस दौरान चोर ताला तोड़कर घर साफ कर चुके थे। नवीन गुप्ता के अनुसार चोर उसके घर से अलमारी में रखे सोने के हार 2 तोला, एक तोला कान के, चार चूड़ी तीन तोले की , मंगलसूत्र 4 आना, बेंदी 4 आना, 4 अंगूठी 8 आन, चांदी की करधन, तीन जोड़ी पायल, एक चाबी का गुच्छा, पांच तोले की पायल नगदी रूपये चोरी कर ले गये। चोरी गये माल की अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये बताई गई है। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम बरौदा निवासी श्रीमति सुदामा पटेल के जेठ का निधन हो गया था। वह और उसकी बहु उपासना पटेल 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे ग्राम बरौदा में ही अपने जेठ के घर जेठानी के पास बैठने गई। शाम 6 बजे लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। चोर उसके घर से अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र झुमकी चांदी की पायल चोरी कर ले गये।

**अधारताल अम्बेडकर नगर और पनागर में वारदात**



# दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद लगी आग, डाईवर जिंदा जलकर खाक

**जबलपुर।** बरेला हाईवा पर देर रात दो ट्रकों में सीधी भिड़ंत के बाद दोनों ट्रक जल उठे, जिससे एक चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और फिर घायल को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बरेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीजेड 4025 रायपुर से लोहा लोड कर जबलपुर की तरफ आ रहा था और ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5793 गेहूं लोड कर जबलपुर से मंडला की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों ट्रक हाईवे के सामने रीतेश ढाबा के पास पहुंचे दोनों में तेज टक्कर हुई और फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। रायपुर की ओर से आने वाला ट्रक के सामने का हिस्सा इतनी बुरी तरह चपट गया कि चालक बाहर नहीं आ पाया और फस गया, जिससे वह आग में जिंदा जलकर खाक हो गया। मृतक का नाम विकास गौतम बताया जा रहा है, जो कि यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला था और ट्रक चलाकर अपना जीवन यापन करता था। कंडक्टर भी आग की चपेट में आया था, जिसका उपचार जारी है। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही फायर ब्रिगेड का अमला भी आ गया, लेकिन तब तक चालक बुरी तरह जलकर दम तोड़ चुका था। दोनों वाहन भी बुरी तरह जले हैं, जिन्हें आज सुबह-सुबह क्रेन से हटवाया गया।

# कालेज के गेट के सामने छात्र को चाकू मारकर भागे तीन बदमाश

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी की वारदातें नहीं थमने का नाम नहीं ले रही। रोज दर्जनों चाकूबाजी की घटना सामने आ रही हैं। पिछले 15 दिनों में 25 चाकूबाजी की वारदातें सामने आ चुकी हैं। कल फिर सिविल लाइन थानांतर्गत पीएम एक्सीलेंस महाकोशल कॉलेज के गेट पर तीन बदमाशों ने चाकू से हमला कर छात्र को घायल कर दिया। घटना से आसपास दहशत फैल गई और हमलावर चाकू लहराते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक गोपाल होटल के पास रहने वाला 20 वर्षीय संदीप गौतम महाकोशल कॉलेज में बीए थर्ड ईयर का छात्र है, जो कि रविवार दोपहर पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के उद्घाटन में शामिल होने घर से निकला। वह ऑटो से गेट के सामने उतरा ही था कि, बाइक से तीन लड़के आए और उन्होंने बिना कुछ बात किये उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में घायल संदीप वहीं गिर पड़ा। घायल ने पुलिस को बताया कि, वह हमलावरों के नाम तो नही जानता लेकिन वे तीनों अक्सर ही कॉलेज के बाहर खड़े रहते हैं और कॉलेज के दूसरे लड़कों को भी बदमाशी बताते हैं। संभवतः वे तीनों क्षेत्र में स्थित किसी अन्य कॉलेज में ही पढ़ते हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# ट्राला और कार में टक्कर के बाद मारपीट

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत कल देर रात मीरगंज के समीप हाईवे रोड पर डायवर्ट हो रहे ट्राला ने कार को साईड से टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनो पक्षों ने एक दूसरे से मारपीट की। इस दौरान कुछ लोगों को चोटें आई है। दोनो पक्षों ने की शिकायत पर एक-दूसरे पर काउंटर फेस दर्ज किया गया है। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि मांदा पाटन निवासी रामकृष्ण यादव वाहन ट्रांसपोर्ट का काम करता है। कल रात लगभग 11.30 बजे रामकृष्ण अपनी किआ कार क्रमांक एमपी 13 जेजी 0100 में एक शादी पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। तभी मीरगंज के समीप हाईवे रोड पर ट्राला क्रमांक एमपी 19 एचए 3444 के चालक ने लापरवाही से वाहन डायवर्ट करते हुए कार को साईट से टक्कर मार दी। इसके बाद ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। दूसरे दिन दोपहर रामकृष्ण पेट्रोल पंप से गाड़ी देखते हुए थाने जा रहा था। तभी ट्राला मालिक गोविंद तिवारी तथा उसके साथ रोहित कुमार संदीप व इंद्रमणि तिवारी आये और रामकृष्ण यादव पर रिपोर्ट नहीं करने का दबाव बनाने लगा। रामकृष्ण ने कहा कि रिपोर्ट लिखवाना है। इस बात पर गोविंद तिवारी ने रामकृष्ण की कोहनी में सरिया मार दिया। इसके बाद सभी बोले कि रिपोर्ट लिखवाओगे तो जान से खत्म कर देंगे। दूसरी ओर ट्राला मालिक गोविंद तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 12 चके ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 3444 में पशु आहार लोड कर बारामती महाराष्ट्र जा रहा था। तभी अनिल पेट्रोल पंप के समीप हाईवे पर उल्टी दिशा से आ रही क्रिआ कार क्रमांक एमपी 13 जेड जी 0100 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ट्राला को सामने से टक्कर मार दी। कल दोपहर लगभग 12 बजे जब गोविंद तिवारी अपने ट्रक से दूसरे ट्रक में माल पल्टी कर रहा था। तभी रामकृष्ण यादव एक व्यक्ति के साथ आया और गोविंद व उसके पिता इंद्रमणि तिवारी के साथ मारपीट की। रोहित स्वामी संदीप शुक्ला के बीच बचाव करने पर रामकृष्ण यादव व उसका साथी धमकाते हुए भाग गये।

# स्प्रिंग डे स्कूल अधारताल की शिकायतों की खुली सुनवाई कल

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि स्प्रिंग डे स्कूल अधारताल से संबंधित शिकायतों की खुली सुनवाई 16 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में होगी। मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों के विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा 7 (1) के अंतर्गत गठित जिला समिति के समक्ष उक्त विद्यालय के प्रबंधक और प्राचार्य उपस्थित होकर शिकायतों पर उत्तर देगें। साथ ही कहा कि शिकायतकर्ता सुनवाई में उपस्थित रह सकेगें ।




# नुकीले पत्थर मारकर महिला की हत्या

## लूट के इरादे से बदमाशों ने की वारदात

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय गेट नम्बर एक के पास पाटबाबा रोड पर बाईक सवार दो बदमाशों ने एक रोकने का प्रयास किया, कार नहीं रुकी तो एक नुकीला पत्थर कार पर सन्ना दिया। देर रात 3 बजे के लगभग इस सनसनीखेज घटना में कार में बैठी एक महीला की मौत हो गई। मृतिका एक रिटायर्ड सबइस्पेक्टर की बहन बताई जा रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी का माहौल है,




कयास लगाया जा रहा है कि लूट के इरादे से बदमाशों ने कार रोकने की कोशिश की होगी, नहीं रुकने पर वारदात को अंजाम दिया। घटना के संबंध में घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरीघाट निवासी दीपांशु शुक्ला अपनी बुआ विराजबाई दुबे व अन्य परिजनों को कार से लेकर कल सुबह डिंडोरी गया था। जहां उनकी पुश्तैनी जमीन का कुछ काम कराकर देर रात 3.10 बजे वे लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही पाटबाबा रोड केंद्रीय विद्यालय गेट नंबर 1 के पास पहुंचे तभी सामने से एक बाइक में बैठे दो लोगों बहुत तेज पत्थर सन्नाया। पत्थर सामने वाली खिड़की से अंदर आया और पीछे बैठी विराजबाई के सिर पर लगा और खून की धार लग गई। दीपांशु हमलावरों के इरादे भांप गया और उसने गाड़ी नहीं रोकी वह सीधे अपनी बुआ को निजी अस्पताल लेकर गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, मृतिका सेवानिवृत्त नर्स थी और ग्वारीघाट के दुर्गा नगर में रहती थी। मृतिका पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त एसआई नीरज दुबे की बहन हैं, जिन्होंने बताया कि संभवतः लूट के इरादे से ही बाइक सवारों ने हमला किया होगा। उन्होंने कहा कि, जिस अस्पताल में विराजबाई को उपचार के लिए भर्ती कराया, वहां भी दो घंटे का अनाप- शनाप बिल बनाया गया। पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# अधिकारी प्रतिदिन 5-5 बिजली उपभोक्ताओं से करें संवादः ऊर्जा मंत्री

**जबलपुर।** विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारी प्रतिदिन 5-5 बिजली उपभोव्ताओं से संवाद कर विद्युत व्यवस्था एवं उपभोव्ता संतुष्टि से संबंधित फीडबैक लें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि अधिकारी बिजली उपभोव्ताओं के साथ लगातार संवाद करें। किसी भी हालत में संवादहीनता नहीं होना चाहिए। विद्युत वितरण केंद्र, जोन, संभाग स्तर पर प्रतिदिन बिजली उपभोव्ताओं से संवाद किया जाए। उन्होंने कहा है कि वह स्वयं भी बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, प्रबंध संचालक और मुख्य अभियंता भी प्रतिदिन कुछ उपभोव्ताओं से चर्चा कर उपभोव्ता संतुष्टि पर फीडबैक लें।




## लोक निर्माण विभाग तलाश रहा जमीन

# जबलपुर में बनेगा माडल रैन बसेरा

जबलपुर।

जिले में असंगठित क्षेत्र में 4 लाख 80 हजार श्रमिक हैं। इनमें 66 हजार भवन निर्माण से जुड़े हैं। बड़ी संख्या में वो हैं जो दूसरे जिलों और राज्यों से आए हैं। इनके साथ सबसे बड़ी समस्या रात बिताने की होती है। सबसे अधिक परेशान वो श्रमिक होते हैं, जो अल्पकाल के लिये जबलपुर आते हैं। पैसा इतना नहीं होता की लाज या होटल ले सके, सड़क किनारे रात बिताने के लिये मजबूर हो जाते हैं। ऐसे मजदूरों के लिये में आदर्श रैन बसेरा बनाने की तैयारी चल रही है। 100 बिस्तर वाले इस रैन बसेरे के लिये 25 हजार वर्गफीट जमीन तलाश की जा रही है। इस रैन बसेरा में कई प्रकार सुविधाएं होंगी। बेहतर शौचालय, पीने और निस्तार के लिए पानी के साथ आरामदायक पलंग के अलावा साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के हिसाब से कमरों का निर्माण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग की ओर से सहायक श्रम आयुव्त को इस सबंध में पत्र भी लिखा गया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए निगम मुयालय विश्राम शाला यानि रैन बसेरा का निर्माण किया जाना है। इसके लिए जगह की उपलब्धता पहली शर्त है। इसलिए नगर निगम के साथ ही जिला प्रशासन से इसके लिए जगह मांगी गई है।

### पहले से बने रैन बसेरा भगवान भरोसे

वर्तमान में जबलपुर में करीब 10 रैन बसेरों का संचाल हो रहा है। लेकिन 1, 2 को छोड़कर अधिकांश भगवान भरोसे हैं। जहां सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं होता। जिस हिसाब से श्रमिक , ऑटो रिक्शा और साइकिल रिक्शा वालों की संख्या है, उनके अनुरूप रैन बसेरा की संख्या नहीं हैं। रैन बसेरों की बदहाली हमेशा चर्चा में रहती है। लेकिन, निगम के जिमेदारों के पास कोई जवाब नहीं होता। माना जा रहा है कि यदि जिले में माडल रैन बसेरा बनेगा तो इससे नगर निगम के रैन बसेरों को भी सबक मिलेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240